


दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

MPHIN/2021/83938

नई सोच नई पहल






ग्वालियर: वर्ष: 3 : अंक: 211 | ग्वालियर सोमवार, 22 मई 2023 | पृष्ठ: 8 मूल्य: 2 रुपए


## न्यूज़ ट्रैक

### करोड़ों किसानों के लिए बड़ी खबर, खाते में जल्द भेजे जाएंगे 14वीं किस्त के 2000 रुपए, योजना पर बड़ी अपडेट,



किसानों के लिए बड़ी खबर है। दरअसल उन्हें जल्द ही योजना की अगली किस्त की राशि भेजी जाएगी। इसके लिए तैयारी शुरू कर दी गई है। जून के अंत तक किसानों के खाते में राशि भेजी जा सकती है। किसानों के खाते में 2000 रुपए देखने को मिलेंगे। करोड़ों किसानों के लिए बड़ी खबर है। पीएम किसान सम्मान निधि योजना के तहत किसानों को महत्वपूर्ण लाभ दिया जाएगा। देश के करोड़ों किसान लाभार्थी इस योजना का लाभ ले रहे हैं। इस योजना के तहत केंद्र सरकार द्वारा 6000 सालाना किसानों के खाते में भेजे जाते हैं। वहीं 2000 की तीन सामान किस्तों में राशि का भुगतान किया जाता है।भारत के 12 करोड़ किसान राशि का इंतजार कर रहे हैं। पिछली बार 13वीं किस्त की राशि किसानों के खाते में भेजी जा चुकी है। वहीं 2 करोड़ से अधिक किसान इस बार अपात्र पाए गए हैं। दिसंबर से मार्च 2022 23 की किस्त की बात करें तो यह केवल 8.80 करोड़ किसानों के खाते में राशि पहुंची है जबकि अगस्त से नवंबर की किस्त भी 9 करोड़ किसानों के खाते में भेजी गई थी। माना जा रहा है कि 14वीं किस्त की राशि जून महीने के अंत तक किसानों के खाते में भेजी जाएगी।इस योजना के तहत छोटे किसानों को केंद्र की मोदी सरकार हर साल ?6000 तीन किस्तों में उपलब्ध करवाती है। यह राशि लाभार्थी के खाते में डायरेक्ट भेजी जाएगी। पहली किस्त 1 अप्रैल से 31 जुलाई के बीच भेजी जाएगी। दूसरी किस्त 1 अगस्त से 30 नवंबर के बीच किसानों के खाते में जाएगी। तीसरी किस्त की राशि 1 दिसंबर से 31 मार्च के बीच किसानों के खाते में भेजी जाएगी।

### भोपाल में ओवरब्रिज से नीचे गिरे युवक, एक की मौत दूसरा गंभीर



भोपाल में सिंगारचोली ओवरब्रिज की साइड वॉल से टकराकर बाइक सवार दो युवक 35 फीट नीचे आ गिरे। इनमें से एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, दूसरा गंभीर रूप से घायल है। हादसा रविवार सुबह 6.10 बजे गांधीनगर थाना इलाके में हुआ। दोनों युवक सुबह 6 बजे चाय पीकर लौट रहे थे, बताया जा रहा है, कि युवक यामाहा की स्पोर्ट्स बाइक आर-1 पर थे। ओवरब्रिज के टर्न पर बाइक अनकंट्रोल होकर साइड वॉल से टकरा गई। दोनों युवक उछलकर 4 फीट ऊंची साइड वॉल को लांघते हुए नीचे गिर गए।युवकों की पहचान टीला जमालपुरा की वसुंधरा कॉलोनी में रहने वाले 20 साल के हिफजुल पुत्र लाल मियां और उसके दोस्त सलीम के रूप में हुई है। दोनों सुबह चाय पीने शांतिनगर स्थित एक होटल पर गए थे। यहां से लौटते समय हादसा हो गया। हिफजुल की मौके पर ही मौत हो गई। सलीम को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दोनों युवक घटना के बाद देर तक नीचे गिरे त?पते रहे लेकिन स?क से गुजरने वाले लोगों ने उन्हे अस्पताल नहीं पहुंचाया, हालांकि कुछ देर बार एक ऑटो चालक ने दोनों को अस्पताल पहुंचाया लेकिन तब तक एक युवक दम तोड़ चुका था।

### महाराष्ट्र में बंधक 9 मजदूरों को प्रशासन ने कराया मुक्त, वापस आने पर सुनाई प्रताड़ना की दास्तां



मध्य प्रदेश के बैतूल जिले के मजदूरों को महाराष्ट के सोलापुर में बंधक बनाए जाने की सूचना पर पहुंची जिला प्रशासन की टीम को उस वक्त काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ गया जब उन्हें सोलापुर पहुंचकर पता चला कि मजदूर तो कर्नाटक के किसी क्षेत्र में है। इसके बाद कर्नाटक स्थानीय प्रशासन से बैतूल प्रशासन द्वारा समन्वय बनाकर करीब 9 मजदूरों को सारी औपचारिकताएं पूर्ण करने के बाद वापस बैतूल लाया गया।बताया जा रहा है कि मोहदा थाना क्षेत्र के पास कासमार खंडी, पडार गांव के रहने वाले 9 मजदूरों को सोलापुर में बंधक बनाए जाने की सूचना प्राप्त हुई थी जिस पर त्वरित कार्यवाही करते हुए जिला कलेक्टर अमनबीर सिंह और एसपी सिद्धार्थ चौधरी के निर्देश और मार्गदर्शन पर एक टीम का गठन किया गया था। इसमें महिला एवं बाल विकास विभाग, पुलिस प्रशासन, जन साहस संस्था और अन्य की मदद से मजदूरों को छुड़ाने सोलापुर पहुंचे। यहां से सूचना मिलने के बाद कर्नाटक पहुंचकर मजदूरों को सकुशल घर लाया गया है।जिला प्रशासन द्वारा जिन मजदूरों को कर्नाटक से लाया गया है उसमें गोपाल पिता हरिशंकर परसाई 24 वर्ष कासमारखंडी, फूलवती बाई पिता हरिराम परसाई 16 वर्ष कासमारखंडी, कमलेश पिता अंतराम इवने 13 वर्ष कासमारखंडी, लुलीबाई पति बिस्सू परसाई 28 वर्ष कासमारखंडी, कलावती पिता गोपाल परसाई, वर्ष कासमारखंडी, छोटू पिता गोमा परसाई 22 वर्ष कासमारखंडी, दीपक पिता हरिराम 20 वर्ष पडार, जयवंती पिता बाबूराव धुर्वे 15 वर्ष पडार, विमला पिता किसन धुर्वे 18 वर्ष कासमारखंडी शामिल है।मजदूरों को मुक्त कराने गठित की गई टीम में चंद्रप्रकाश बसोड श्रम निरीक्षक श्रम विभाग, केडिया धुर्वे उप निरीक्षक पुलिस विभाग मोहदा, श्रीमती मीरा ठाकुर केस वर्कर महिला बाल विकास, सुभाष काजले प्रधान आरक्षक पुलिस विभाग मोहदा, गायत्री पेंद्रे आरक्षक पुलिस विभाग मोहदा, सुश्री पल्लवी टाकरकर जिला समन्वयक जन साहस संस्था, रामचंद्र चिल्हाटे जन साहस संस्था एवं पंकज यादव जन साहस संस्था शामिल है।

# प्रधानमंत्री मोदी की जापानी पीएम से मुलाकात, महात्मा गांधी प्रतिमा का किया अनावरण



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी-7 के वार्षिक सम्मेलन में भाग लेने के लिए जापान गए हुए हैं। जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा ने उन्हें आमंत्रण भेजा है, जिसके बाद वह हिरोशिमा पहुंचे और उन्होंने फुमियो से मुलाकात की। यहां पीएम मोदी ने महात्मा गांधी की प्रतिमा का अनावरण कर देश और दुनिया को शांति का संदेश दिया जापान के हिरोशिमा में महात्मा गांधी की प्रतिमा का अनावरण किया गया है। ऐसे में बापू की प्रतिमा स्थापित करने और उसका अनावरण करने के लिए प्रधानमंत्री ने सरकार को धन्यवाद दिया है। उन्होंने यह भी कहा कि हम सभी को महात्मा गांधी के दिखाए गए रास्ते पर चलकर विश्वकल्याण की ओर अग्रसर होना चाहिए। यही बापू को सच्ची श्रद्धांजलि होने वाली है।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यह भी कहा कि हिरोशिमा में स्थापित हुई महात्मा गांधी की मूर्ति अहिंसा के संदेश को बढ़ावा देने वाली है। पीएम मोदी ने इस बात पर भी खुशी जताई है कि उन्होंने जापानी पीएम को जो बोधि वृक्ष दिया था उसे हिरोशिमा में लगाया गया है ताकि यहां आने वाले लोग शांति के महत्व को समझ सकें।

## हवाई मार्ग से मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना का शुभारंभ, भोपाल से 32 बुजुर्ग ने भरी उड़ान



मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज राजा भोज एयरपोर्ट पर एक कार्यक्रम में 32 बुजुर्ग तीर्थ यात्रियों को इंडिगो की फ्लाइट से प्रयागराज रवाना किया गया। इसके साथ ही, प्रदेश ऐसा पहला राज्य बन गया है जो बुजुर्गों को मुफ्त विमान यात्रा का अवसर प्रदान कर रहा है। रवाना करने से पहले सीएम शिवराज ने बुजुर्ग तीर्थयात्रियों को शाल-श्रीफल भेंट करके उनका सम्मान किया और उन्हें गले लगाकर उनका आशिर्वाद भी लिया।बता दें कि बुजुर्गों को यह यात्रा मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत कराई जा रही है। इस योजना के अंतर्गत, 25 जिलों के बुजुर्गों को प्रयागराज, शिरडी, मथुरा-वृंदावन और गंगासागर जैसे स्थानों पर ले जाया जाएगा। मुख्यमंत्री खुद बुजुर्गों को एयरपोर्ट तक छोड़ने पहुंचे थे जो कि 19 जुलाई तक चलेगी। प्रयागराज की इस तीर्थ यात्रा में कुल 24 पुरुष और 8 महिला बुजुर्ग तीर्थयात्रियों के साथ एक अनुरक्षक (एस्कॉर्ट) भी हैं। उनकी सहायता के लिए भोपाल एयरपोर्ट पर एक काउंटर भी स्थापित किया गया है।ट्रेन से प्रयागराज के तीर्थ दर्शन में 4 से 5 दिन लगते हैं जबकि हवाई यात्रा में यह सफर 24 से 36 घंटे में पूरा हो जाता है। यदि निजी खर्च पर भोपाल से प्रयागराज की हवाई यात्रा की जाए तो एक यात्री के लिए लगभग 3,000 रुपये का खर्च होगा। इसका मतलब है कि दोनों तरफ से लगभग 7,000 रुपये का खर्च होगा।बुजुर्गों को प्रयागराज के लिए रवाना करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्हें राम की कृपा से तीर्थों के दर्शन मिलेंगे

## ` दिल्ली के लिए लाया गया नया अध्यादेश, केंद्र सरकार ने एससी के फैसले को कैसे पलट दिया?



राष्ट्रीय राजधानी सिविल सेवा प्राधिकरण बनाने के केंद्र के अध्यादेश को लेकर दिल्ली में सत्तारूढ़ मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा. उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार का लाया गया ये अध्यादेश ग़ैरकानूनी, ग़ैर संवैधानिक और जनतंत्र के ख़िलाफ़ है.प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान केजरीवाल कहते हैं हमने सुना है कि केंद्र सरकार ने आज एससी के फैसले के खिलाफ पुनर्विचार याचिका दायर की है, लेकिन अध्यादेश लाने के बाद इस याचिका का क्या औचित्य है. इस याचिका की सुनवाई तो तभी हो सकती है जब वो अपना अध्यादेश वापस ले लें. सीएम ने आगे कहा कि इस अध्यादेश को लाकर केंद्र सरकार ने जनता और देश के साथ एक भद्दा मजाक किया है. जैसे केंद्र सरकार एससी को सीधी चुनौती दे रही है कि आप जो भी आदेश दें हम उसे पलट देंगे. शुक्रवार यानी 19 मई की देर शाम केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश को पलटने वाला अध्यादेश जारी कर दिया. केंद्र सरकार राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली (संशोधन) अध्यादेश, 2023 लेकर आई है. इस अध्यादेश के तहत किसी भी अधिकारियों के ट्रांसफर और पोस्टिंग से जुड़ा अंतिम निर्णय लेने का हक उपराज्यपाल को वापस दे दिया गया है. यानी अब उपराज्यपाल अधिकारियों की पोस्टिंग या ट्रांसफर करवाएंगे.राष्ट्रीय राजधानी लोक सेवा प्राधिकरण को दानिक्स और ग्रुप ए के अधिकारियों के ट्रांसफर और नियुक्ति के सभी फैसले लेने का अधिकार तो होगा लेकिन इस फैसले पर अमल उपराज्यपाल की हामी के बाद की जा सकेगी. आसान भाषा में समझे तो अगर इस प्राधिकरण को लिया हुआ कोई भी फैसला उपराज्यपाल को सही नहीं लगता है तो वह उसे बदलने के लिए या ठीक करने के लिए वापस इसी प्राधिकरण को लौटा सकते हैं. फिर भी अगर सहमति नहीं बनती है तो आखिरी फैसला उपराज्यपाल को ही लेना पड़ेगाएक तरफ जहां इस अध्यादेश को लेकर दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल लगातार केंद्र सरकार पर निशाना साध रहे हैं. वहीं दूसरी तरफ केंद्र सरकार का तर्क है कि दिल्ली भारत की राजधानी है. और इस पर पूरे देश का हक़ है. केंद्र के अनुसार पिछले कुछ समय से अरविंद केजरीवाल ने राजधानी दिल्ली की प्रशासनिक गरिमा को नुकसान पहुंचाया है.केंद्र सरकार ने कहा कि ÷राजधानी दिल्ली कोई आम क्षेत्र नहीं है यहां देश के महत्वपूर्ण राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय संस्थान हैं. राष्ट्रपति भवन, संसद और सुप्रीम कोर्ट भी यहीं है. इसके अलावा देश के कई संवैधानिक पदाधिकारी दिल्ली में ही रहते हैं. ऐसे में यहां किसी भी तरह की प्रशासनिक भूल होती है तो इससे न सिर्फ भारत के अंदर बल्कि पूरी दुनिया में हमारे देश की छवि धूमिल होगी.केंद्र सरकार के अनुसार दिल्ली में लिए गए किसी भी फैसले का असर न सिर्फ वहां स्थानीय लोगों पर पड़ता है बल्कि ये फैसले देश के अन्य नागरिकों को भी प्रभावित करता है.भारत के संविधान के अनुच्छेद 123 में बताया गया है

## शादी समारोह में झगड़े के बीच दूल्हे-दुल्हन ने पिया जहर, दूल्हे की मौत; आई सी यु में दुल्हन

मध्य प्रदेश के इंदौर से हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है. यहां विवाह समारोह के दौरान दूल्हे और दुल्हन पक्ष में झगड़ा हो गया, जिसके बाद दूल्हे ने जहर पी लिया. दूल्हे के जहर पीने की खबर पाते ही दुल्हन ने भी जहर पी लिया. दूल्हे की मौत हो गई है, तो दुल्हन आईसीयू में जिंदगी और मौत के बीच झूल रही है. ये मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा था, जिसमें लड़का शादी से मुकर गया था. लेकिन लड़की के केस दर्ज कराने के दो साल बाद दोनों पक्षों में शादी को लेकर रजामंदी हो गई. और फिर जब शादी होने लगी, तो किसी बात पर झगड़ा होने के बाद ये खौफनाक कदम उठा लिया.ये मामला इंदौर के कनाडिया इलाके का है. जहां एक मंदिर में शादी समारोह का आयोजन किया गया था. दोनों पक्ष भी मौके पर मौजूद थे, तभी किसी बात को लेकर बहस हो गई. इस बहस के दौरान ही दूल्हे ने जहर पी लिया. उसकी खराब हालत को देखते हुए अस्पताल ले जाया गया. इस बीच दुल्हन के भी जहर पी लेने की खबर फैल गई. दूल्हे की अस्पताल पहुंचने से पहले ही मौत हो गई, तो दुल्हन को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है.स्थानीय पुलिस अधिकारी रमजान खान ने मामले की पुष्टि की है. उन्होंने कहा है कि दूल्हे के शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है. वहीं, स्थानीय लोगों ने बताया कि दोनों के बीच प्रेम-प्रसंग था. लड़की शादी के लिए दबाव डाल रही थी, लेकिन लड़का उससे 2 साल का समय मांग रहा था. इसके बाद लड़की ने केस दर्ज करा दिया. फिर दबाव के बीच दोनों पक्ष शादी के लिए राजी तो हुए, लेकिन उसका नतीजा अब सामने है. जिसमें दूल्हे की मौत हो चुकी है, तो दुल्हन भी जिंदगी और मौत के बीच झूल रही है.

### मैं 135 सीटों से खुश नहीं हूं, क्योंकि..., आखिर ऐसा क्यों बोले डीके शिवकुमार



कांग्रेस ने हाल ही में संपन्न हुए कर्नाटक विधानसभा चुनाव में प्रचंड जीत के साथ बहुमत हासिल करते हुए बीजेपी को सत्ता से बेदखल किया है. पार्टी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 224 में से 135 सीटों पर जीत हासिल की थी, लेकिन इसके बावजूद कर्नाटक कांग्रेस प्रमुख डीके शिवकुमार (छ्य खुश नहीं हैं. उन्होंने रविवार (21 मई) को बेंगलुरु में पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ बैठक में कहा कि कांग्रेस को हर चुनाव में अच्छा प्रदर्शन करना चाहिए. क्योंकि अगले साल आम चुनाव हैं और उसमें बेहतर परिणाम का लक्ष्य होना चाहिए. शनिवार को राज्य के उपमुख्यमंत्री के तौर पर शपथ लेने वाले डीके शिवकुमार ने कार्यकर्ताओं से कहा कि मैं आप सभी को एक बात बता दूं कि विधानसभा चुनाव में हमने जो 135 सीटें हासिल की हैं, मैं उससे खुश नहीं हूं. हमारा ध्यान सही जगह पर होना चाहिए और वह आगामी आम चुनाव हैं. कांग्रेस को अब से हर चुनाव में अच्छा प्रदर्शन करना चाहिए और हम सभी को कड़ी मेहनत करने की जरूरत है. डीके शिवकुमार ने आगे कहा कि ये सिर्फ एक शुरुआत है और एक जीत के साथ आलसी नहीं बनना है

## पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 4.5 लाख रूपये का माल मशरूका बरामद किया गया



**शिवपुरी।** मध्य प्रदेश के शिवपुरी जिले की करैरा पुलिस ने कार्यवाही करते हुए एक स्मैक तस्कर को पक?ा है, पुलिस ने तस्कर के कब्जे से लगभग 3 लाख अस्सी हजार रुपये कीमत की 22 ग्राम स्मैक की जब्त की है, पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।थाना करैरा पुलिस को मुखविर द्वारा सूचना मिली कि भितरवार तरफ से बीरेन्द्र रावत बाइक से स्मैक खरीदकर करही तरफ बिक्री करने हेतु ला रहा है। जिसके बाद पुलिस ने मौके पर करही बस स्टेन्ड पर चैकिंग लगाई तो एक व्यक्ति लाल रंग की टी शर्ट पहने हुए मोटरसाइकिल से आया जो पुलिस को देखा भागने लगा जिसे हमराही फोर्स की मदद से रोका पुलिस द्वारा उसका नाम व पता पूछा तो उसने अपना नाम बीरेन्द्र रावत पुत्र गुलाबसिंह रावत उम्र 44 बर्ष नि. करही का होना बताया जिसके कब्जे से 22 ग्राम स्मैक जब्त की है जिसकी बाजार की कुल कीमती 3,80,000 रूपये, व एक इलेक्ट्रोनिक तौल कांटा तथा 500 रूपये नगद एवं एक हीरो स्पेलेन्डर बाइक बरामद की गई सभी की कुल कीमती 4.5 लाख रूपये का माल मशरूका बरामद किया गया।बता दें कि आरोपी के विरूध्द धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट का अपराध क्रं. 297/23 पंजीबध्द किया गया

### पुरानी रंजिश के चलते दबंगों ने की महिलाओं की जमकर पिटाई, फिर घर में लगा दी आग

शाहजहांपुर जिले में पुरानी रंजिश के चलते दबंगों ने महिलाओं की पिटाई करते हुए उसके घर में आग लगा दी. पुलिस ने इस संबंध में आठ लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है. अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) संजीव बाजपेई ने दर्ज रिपोर्ट के हवाले से रविवार को बताया कि कलान थाना क्षेत्र के लक्ष्मणपुर गांव में रहने वाली कांति देवी नामक महिला का दुर्गेश तिवारी नामक व्यक्ति से विवाद था. शनिवार को दुर्गेश अपने साथियों मनोज मिश्रा, कुलदीप शर्मा तथा 15 गाड़ियों में बड़ी संख्या में आए

### सभी देशों को अंतरराष्ट्रीय कानून का सम्मान करना चाहिए, चीन से जारी सीमा विवाद के बीच बोले पीएम मोदी



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीन देशों के अपने दौरे के दूसरे चरण में रविवार (21 मई) को पापुआ न्यू गिनी पहुंचे. पीएम जापान से यहां पहुंचे, जहां उन्होंने जी-7 के शिखर सम्मेलन में भाग लिया और दुनिया के कई नेताओं के साथ द्विपक्षीय बैठकें कीं. इससे पहले पीएम मोदी ने रविवार को जापान के हिरोशिमा शहर में आयोजित जी7 शिखर सम्मेलन के सत्र में कहा कि वह यूक्रेन में मौजूदा हालात को राजनीति या अर्थव्यवस्था का नहीं, बल्कि मानवता एवं मानवीय मूल्यों का मुद्दा मानते हैं. उन्होंने अंतरराष्ट्रीय कानून, सम्प्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता के सम्मान के लिए सभी देशों का आह्वान किया. पीएम मोदी ने साथ ही यथास्थिति बदलने के एकतरफा प्रयासों के खिलाफ एक साथ मिलकर आवाज उठाने की पुरजोर वकालत की और कहा कि सभी देशों को संयुक्त राष्ट्र चार्टर, अंतरराष्ट्रीय कानून और एक-दूसरे की संप्रभुता एवं क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान करना चाहिए. प्रधानमंत्री ने कहा कि संवाद और कूटनीति ही इस संघर्ष के समाधान का एकमात्र रास्ता है. पीएम की ये टिप्पणियां यूक्रेन पर रूसी हमले और पूर्वी लद्दाख में चीन के साथ चल रहे सीमा विवाद की पृष्ठभूमि में आई हैं.

## मंत्री विश्वास सारंग का कमलनाथ पर आरोप, कांग्रेस सिख दंगों के आरोपी के नेतृत्व में मध्यप्रदेश का चुनाव लड़ेगी



मंत्री विश्वास सारंग ने पूरे घटनाक्रम का उल्लेख करते हुए कहा कि इस देश के इतिहास में 1984 का सिख कत्लेआम काले धब्बों में से एक है। तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के हत्या के बाद कांग्रेस के नेताओं ने सिख भाई बहनों का कत्लेआम किया था। हजारों भाई बहन उस कत्लेआम में प्रभावित हुए थे। सबसे दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति यह थी कि उस कत्लेआम में जिन्होंने भी? का नेतृत्व किया था वह कांग्रेस के नेता थे। विशेष रूप से दिल्ली में जो बड़ स्तर पर कत्लेआम किया गया था उसमें तीन कांग्रेस के नेताओं का हिस्सा लेना अलग अलग विषय पर सबूत के साथ जनता के सामने प्रस्तुत हुआ था। एक सज्जन कुमार दूसरे नं पर जगदीश टाईटलर और तीसरे कमलनाथ थे चौथे नेता इस दुनिया में नहीं हैं। यह तीन लोगों का नाम बहुत ही प्रमुखता से उस समय की घटनाओं में लिया गया था।विश्वास सारंग ने कहा कि सन् 2000 के बाद इस पूरे विषय पर नानावटी आयोग ने जांच की और इसके बाद सीबीआई में यह मामला गया। परंतु वहीं दुर्भाग्य यह हुआ कि 2004 में कांग्रेस की सरकार आई और उसने इस मामले में लीपा-पोती कर दी और किसी दोषी पर कोई कार्यवाही नहीं हुई। 2014 के बाद इस पूरे मामले में जांच एजेंसियों ने काम किया और उसका परिणाम निकला कि सज्जन कुमार जेल में हैं और उन्हें उम्रकैद की सजा सुनाई गई है। कल भी सीबीआई कोर्ट ने इस पूरे मामले में जिस दूसरे कांग्रेस के बड़ नेता का नाम आता है जगदीश टाईटलर का, उनके खिलाफ भी जार्चशीट प्रस्तुत की है और वो भी जल्द ही जेल में होंगे। तीसरा नाम कमलनाथ है, निश्चित ही आने वाले समय में जो इस पूरे मामले में दोषी हैं, उनपर भी कार्यवाही होगी ऐसी उम्मीद है। जांच एजेंसी अपना काम कर रही हैं।उन्होंने कहा की जो बातें में तथ्य के रूप में बोल रहा हूॅ। यह केवल हमने नहीं बोला अलग-अलग स्तर पर इस पूरे मामले में जो चश्मदीत गवाह हैं, उन्होंने भी विभिन्न स्तरों पर अलग-अलग किताबों में इन दंगों को लेकर वास्तविकता का जिक्र किया है।

## पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती की तबीयत बिगड़ी, इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती



मध्यप्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती को लेकर बड़ी खबर सामने आ रही है। उमा भारती की अचानक से तबीयत बिगड़ने की खबर सामने आई है। जिसके बाद उनको एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हालांकि उमा भारती ने खुद ट्वीट करके इस बात की जानकारी दी है। उन्होंने अत्यधिक थकान और कमजोरी की वजह से तबियत खराब होना बताया है।उमा भारती ने ट्वीट करते हुए लिखा कि 'कल रात को करीब 11 बजे मेरे अचानक अस्वस्थ होने पर मेरे निवास के पास ही स्थित स्मार्ट सिटी हॉस्पिटल में मुझे ले जाया गया। मेरी सभी जांचो में, मैं स्वस्थ पाई गई किंतु अत्यधिक थकान एवं कमजोरी है। सारी जांचो से डॉक्टरों को निश्चिंत हो जाने के बाद मेरे निजी डॉक्टरों के अनुसार मेरा कुछ महीनों के लिये विश्राम ही एकमात्र उपचार है।' जिसके बाद आज उन्हें भोपाल के एक निजी अस्पताल में भर्ती करा दिया गया है।उमा भारती ने कहा कि 'आप प्लीज भूलना मत की मैंने अपने उम्र के 6 साल से यानी लगभग 55 साल से पब्लिक लाइफ में कड़ी मेहनत की है, आपका संदेश, आपकी कोई परेशानी या कोई सूचना आप मेरे ऑफिस को अवश्य देते रहे।

पिछोर पुलिस की अवैध शराब के विरुद्ध कार्रवाई

# थाना पिछोर पुलिस द्वारा शराब माफियाओं पर रात मे दबीश देकर दो आरोपी के कब्जे से कुल 15 पेटी अवैध देशी शराब कीमत करीबन 60000 की रूपये जप्त

राकेश परिहार पिछोर
9691338626

**पिछोर,**>पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री रघुवंश सिंह भदौरिया एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय शिवपुरी श्री प्रवीण कुमार भूरिया के निर्देशन में एवं श्रीमान एसडीओपी महोदय पिछोर श्री प्रशांत शर्मा के मार्गदर्शन में चलाये जा रहे अवैध शराब माफियाओं के खिलाफ अभियान के तारत्मय में आज दिनाँक 20-21/05/23 की दरमियानी रात में मुखबिर सूचना पर अलग अलग स्थानो पर से दो आरोपियों से कुल 15 पेटी अवैध देशी शराब जप्त कर दोनो आरोपियों को गिरफ्तार कर अपराध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत पंजीबद्ध कर विवेचना में लिये गये। दिनाँक 20.05.23 को दौराने गश्त मुखबिर सूचना मिली की एक व्यक्ति गरैठा पुलिया के पास अवैध रुप से शराब लिये बैठा है सूचना पर से ग्राम गरैठा पुलिया के पास पहुचे तो एक व्यक्ति अपने पास सफेद प्लास्टिक की बडी बोरी रखे दिखा जिसे फोर्स की मदद से पकडा एवं उसके प्लास्टिक की बोरी को खोलकर देखा तो उसमें 7 पेटी देशी प्लेन मदिरा की रखी मिली जो अवैध होने से आरोपी के कब्जे से धारा 34(2) आबकारी एक्ट के अंतर्गत 7 पेटी देशी मदिरा प्लेन की जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। बाद पुनः मुखबि सूचना पर ग्राम गरैठा में ही एक दुकान के पीछे बैड़ा में पहुचे तो एक व्यक्ति दुकान के पीछे दो प्लास्टिक की बोरी रखे दिखा जिसे घेरकर पकड़ा और उसके कब्जे से दो प्लास्टिक की बोरी को खोलकर देखा तो उनमें 4-4 बेटी कुल 08 पेटी देशी मदिरा प्लेन की मिली जो अवैध होने से आरोपी के कब्जे से धारा 34(2) आबकारी एक्ट के अंतर्गत कुल 8 पेटी देशी मदिरा प्लेन की जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। इस प्रकार थाना पिछोर पुलिस व्दारा दो आरोपियो के कब्जे से कुल 15 पेटी देशी मदिरा शराब की जप्त की गई और दोनो आरोपियों के विरुद्ध प्रथक प्रथक अपराध क्रमांक 251/23 , 252/23 धारा 34(2) आबकारी एक्ट के अंतर्गत पंजीबद्ध किये गये। आरोपीगणो को माननीय न्यायालय पेश किया जावेगा। उक्त कार्यवाही में इंचार्ज थाना प्रभारी पिछोर उप निरीक्षक नितिन भार्गव , उप निरी. विनोद भार्गव , सउनि नरेन्द्र यादव, सउनि अरविन्द सिहं यादव, , आर. 362 जीतेन्द्र गुर्जर, आर. 957 देशराज, आर. 256 रामनाथ रावत, आर. 313 मांगीलाल गुर्जर, आर. 1039 भूपेन्द्र सिंह की सराहनीय भूमिका रही ।




# करेरा पुलिस द्वारा 22 ग्राम स्मैक व एक मोटरसाइकिल कुल कीमत साडे ?450000 के साथ आरोपी को किया गिरफ्तार

अनिल कुशवाह
पुष्पांजलि टुडे




**शिवपुरी**–पुलिस अधीक्षक रघुवंश कुमार सिह के द्वारा जिले मे अवैध मादक पदार्थ ,जुआ सट्टा ,अवैध हथियार, अवैध खनन परिवहन ,अवैध शराव की धरपकड अभियान के तहत जीरो टालरेन्स अपनाने के निर्देश दिये गये उक्त निर्देश के पालन मे अति0 पुलिस अधीक्षक श्री प्रवीण भूरिया के निर्देशन में एवं स्ष्ठह्लक्क करैरा श्री संजय चतुर्वेदी जी के कुशल मार्गदर्शन मे आज दिनांक 21.05.2023 के दोपहर मे थाना करैरा पुलिस को मुखविर द्वारा सूचना मिली कि भितरवार तरफ से बीरेन्द्र रावत मो.सा. से स्मैक खरीदकर करही तरफ बिक्री करने हेतु ला रहा है । उक्त सूचना की तस्दीक हेतु मौके पर करही बस स्टेन्ड पर चैकिंग लगायी तो एक ब्यक्ति लाल रंग की टी शर्ट पहने हुए मो.सा. से आया जो पुलिस को देखा भागने लगा जिसे हमराही फोर्स की मदद से रोका पुलिस द्वारा उसका नाम व पता पूछा तो उसने अपना नाम बीरेन्द्र रावत पुत्र गुलाबसिंह रावत उम्र 44 बर्ष नि. करही का होना बताया जिसके कब्जे से 22 ग्राम स्मैक कीमती करीवन 380000 रूपये , एक इलेक्ट्रोनिक तौल कांटा तथा 500 रूपये नगद एवं एक हीरो स्पेलेन्डर मो.सा. बरामद की गयी कुल कीमती 4.5 लाख रूपये का माल मशरूका बरामद किया गया , आरोपी के विरूध्द धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट का अपराध क्रं.297/23 पंजीबध्द किया गया , आरोपी से बरामद शुदा मादक पदार्थ स्मैक के सप्लायरों संबंध मे पूछताछ की जा रही है । बरामद मालङ्क 22 ग्राम मादक पदार्थ स्मैक , एक इलेक्ट्रोनिक तौल कांटा ,एक स्पलेन्डर मो.सा. चैचिस नंबर 13रूस्न04191, नगदी 500 रूपये कुल कीमती 4.5 लाख रूपयेंइनकी रही भूमिकाङ्क थाना प्रभारी करैरा निरी. श्री सुरेश शर्मा ,उनि जूली तोमर , उनि कुलदीपसिंह, उनि बीआर पुरोहित , सउनि सुवोध कुमार टोप्पो, प्र.आर 669 अभयराज सिंह , प्र.आर 322 सोनू यादव, आर 696 सोनू पांडेय, आर 1073 अनूप द्विवेदी, आर.724 दीपेन्द्र गुर्जर, आर 319 चन्द्रशेखर मीना, आर 617 ओमप्रकाश रावत ।




**मैड्रिड।** सेविला ने 120 मिनट के रोमांचक मुकाबले में जुवेंटस को 2-1 से हरा दिया, जो अतिरिक्त समय तक बढ़ा और 3-2 की कुल जीत दर्ज करते हुए यूरोपा लीग फाइनल में प्रवेश कर लिया जहां उसका मुकाबला रोमा से होगा। अपने सातवें यूरोपा लीग खिताब के लिए इस मौके को सुरक्षित करना, कोच जोस लुइस मेंडिलिबार के नेतृत्व में सेविला के उल्लेखनीय परिवर्तन का परिणाम है, जिन्होंने अपने 12-गेम के कार्यकाल में सिर्फ एक हार का सामना किया है। शुरूआती हाफ आक्रामक कौशल का एक पूर्ण प्रदर्शन था, जिसमें दोनों टीमों ने एक जोरदार मुकाबले में नियंत्रण हासिल करने के अवसर बनाए। सेविला के गोलकीपर बोनो ने गेम के 12वें मिनट में कार्नर किक के बाद गट्टी के शक्तिशाली हेडर को डिफ्लेक्ट करते हुए एक असाधारण बचाव किया। सेविला का दबदबा था, और जुवेंटस के गोलकीपर वोज्शिएक स्जेसनी ने 23वें मिनट में लुकास ओकाम्पोस के डाइविंग हेडर को आखिरी सेकंड में विफल कर दिया। इसके बाद, युसुफ एन-नेसरी ने अनजाने में एक कार्नर के बाद इवान राकिटिक को बाधित कर दिया, जबकि दूसरे छोर पर, एंजेल डि मारिया ने जुवेंटस को बढ़त दिलाने के लिए दो प्रमुख अवसरों को गंवा दिया, एक शॉट को बाहर मारा जबकि दूसरे में बोनो के ऊपर से गेंद को उठाने में नाकाम रहे। एक्शन लगातार चलता रहा, स्जेसनी ने दो बार मार्कोस एक्यूना को नकार दिया, जबकि मोइज कीन का प्रयास भी बेकार गया। ओकाम्पोस ने स्जेसनी पर दबाव बनाना जारी रखा, लेकिन सेविला के लिए एक आशाजनक पेनल्टी अपील खारिज कर दी गई। दूसरे हाफ में, स्थानापन्न व्लाहोविच ने जुवेंटस को आगे रखा, सेविला डिफेंस में खराब नियंत्रण का फायदा उठाते हुए 65वें मिनट में बोनो के ऊपर से गेंद को क्लिप कर गोल में पहुंचा दिया। हालांकि, सेविला ने तेजी से प्रतिक्रिया दी, सुसो ने बॉक्स के बाहर से एक जबरदस्त शॉट के माध्यम से सिर्फ छह मिनट बाद बराबरी कर ली। घरेलू दर्शकों की गर्जना से प्रेरित - स्टेडियम में लाल शर्ट का एक समुद्र - सेविला ने एक निर्णायक गोल की तलाश में दबाव डाला। जैसे-जैसे सामान्य समय कम होता गया, स्जेसनी को सूसो, ब्रायन गिल और एन नेसरी के हमलों को रोकने के लिए उत्कृष्ट जतन करने पर मजबूर होना पड़ा। अतिरिक्त समय में सिर्फ पांच मिनट में, लामेला ने गिल के एक सटीक क्रॉस पर एक शानदार हेडर के साथ सेविला को आगे रखा। नर्वस करने वाला मैच तब और बढ़ गया जब एक्यूना को 114वें मिनट में थ्रो-इन के दौरान समय बर्बाद करने के लिए दूसरा पीला कार्ड मिला। इस झटके के बावजूद, सेविला के खिलाड़ी दक्षिणी स्पेन में एक और अविस्मरणीय रात में जीत हासिल करने के लिए डटे रहे।

# चिरप्रतिद्वंद्वी भारत, पाकिस्तान एक ही ग्रुप में, 27 मई को भिड़ेंगे



**मुंबई।** चिर प्रतिद्वंद्वी भारत और पाकिस्तान को 23 मई से 1 जून तक ओमान के सलालाह में खेले जाने वाले 10 टीमों के पुरुष जूनियर एशिया कप 2023 में एक ही पूल में रखा गया है। दोनों का पूल-ए मैच में 27 मई को मुकाबला होगा। सर्वश्रेष्ठ युवा एशियाई पुरुष हॉकी टीमें खिताब के लिए महाद्वीप में जूनियर पुरुषों के लिए शीर्ष स्पर्धा में प्रतिस्पर्धा करेंगी और मलेशिया के कुआलालंपुर में होने वाले आगामी एफआईएच जूनियर हॉकी पुरुष विश्व कप 2023 के लिए उनकी नजरें शीर्ष तीन स्थानों पर रहेंगी। भाग लेने वाली दस टीमों को दो पूल में विभाजित किया गया है, जिसमें पूल ए में चीनी ताइपे, भारत, जापान, पाकिस्तान और थाईलैंड शामिल हैं। पूल बी में मेजबान ओमान के साथ बांग्लादेश, कोरिया, मलेशिया और उज्बेकिस्तान शामिल होंगे। पूल चरण में प्रत्येक टीम अपने पूल में अन्य चार टीमों से एक बार खेलेगी। दोनों पूल में शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी, जबकि तीसरे और चौथे स्थान की टीमें 5-8 स्थान के वर्गीकरण के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी। दोनों पूलों में पांचवें स्थान पर रहने वाली टीमें दसवें स्थान पर रहने से बचने के लिए आमने-सामने होंगी। हारने वाले सेमीफाइनलिस्ट कांस्य पदक मैच में खेलेंगे, दो फाइनलिस्ट और कांस्य पदक विजेता जूनियर हॉकी विश्व कप 2023 के लिए क्वालीफाई करेंगे। मलेशिया, मेजबान के रूप में, पहले ही विश्व कप के लिए क्वालीफाई कर चुका है, इसलिए यदि मलेशिया सेमीफाइनल में प्रवेश करता है तो जूनियर एशिया कप के अंतिम चार चरण में जगह बनाने वाली अन्य सभी तीन टीमों को विश्व कप में भी प्रवेश मिलेगा। जूनियर हॉकी पुरुष विश्व कप 2023 मलेशिया के कुआलालंपुर में 5-16 दिसंबर 2023 तक खेला जाएगा। मलेशिया ने प्रतियोगिता के मेजबान के रूप में क्वालीफाई कर लिया है। बेल्जियम, फ्रांस, जर्मनी, नीदरलैंड और स्पेन ने यूरोप से उन टीमों के रूप में क्वालीफाई किया है जिन्हें यूरोहॉकी जूनियर चैम्पियनशिप 2022 में शीर्ष-5 में वर्गीकृत किया गया था। ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड ने ओसनिया जूनियर विश्व कप क्वालीफायर 2022 के माध्यम से भी क्वालीफाई किया है। दक्षिण अफ्रीका और मिस्र अफ्रीका से क्वालीफायर हैं जो जूनियर अफ्रीका कप 2023 में शीर्ष दो टीमों के रूप में रहे थे। अर्जेंटीना, कनाडा और चिली पैन अमेरिका से तीन क्वालीफायर हैं। एशिया की तीन शीर्ष टीमें सोलह टीमों का पूरा सेट पूरा करेंगी जो एफआईएच जूनियर हॉकी मेन्स वर्ल्ड कप 2023 में खिताब के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी। सलालाह में, भारतीय जूनियर पुरुष टीम 24 मई को चीनी ताइपे के खिलाफ अपने अभियान की शुरूआत करेगी और अगले दिन जापान से भिड़ेगी। एक दिन के आराम के बाद भारत 27 मई को पाकिस्तान से भिड़ेगा और पूल ए में अपने अभियान का समापन 28 मई को थाईलैंड के खिलाफ मैच के साथ करेगा।

# आस्ट्रेलिया के लिये परेशानी का सबब बन सकते हैं कोहली : पोंटिंग



**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग का मानना है कि सर्वश्रेष्ठ फार्म हासिल कर चुके विराट कोहली अगले महीने खेले जाने वाले आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्लूटीसी)-2023 के फाइनल में ऑस्ट्रेलिया के लिये परेशानी का सबब बन सकते हैं। पोंटिंग ने आईसीसी के एक कार्यक्रम में कहा विराट कोहली को लगता है कि वह अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पर वापस आ गए हैं, इसलिये अगले महीने आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में उनका विकेट आस्ट्रेलिया के लिये बेशकीमती साबित हो सकता है। पूर्व आस्ट्रेलियाई कप्तान शनिवार को चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ आईपीएल 2023 के दिल्ली कैपिटल्स के अंतिम मैच के बाद स्वदेश लौट जायेंगे। उन्होंने कहा कि वह डब्लूटीसी 23 फाइनल में एक कमेंटेटर के रूप में अपनी सेवा देने के लिये लंदन जायेंगे। कोहली ने गुरुवार को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ अपना छठा आईपीएल शतक बनाया और पोंटिंग का मानना है कि यह ऑस्ट्रेलिया के लिए परेशानी का सबब है। पोंटिंग ने कहा, करीब एक महीने पहले विराट से मेरी मुलाकात हुई थी, जब हमने उन्हें बैंगलोर में खेला था। मैंने उनसे उनकी बल्लेबाजी और करियर के बारे में अच्छी बातचीत की। उसने मुझसे कहा कि वह वास्तव में ऐसा महसूस करता है कि वह लगभग अपने पूर्ण सर्वश्रेष्ठ में वापस आ गया है। पोंटिंग ने कहा, आपने शायद कल रात देखा, आप जानते हैं, उसका आईपीएल बहुत अच्छा रहा है और मुझे यकीन है कि वह प्राइज विकेट होगा, जिसका सभी ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी इंतजार कर रहे हैं। द अल्टीमेट टेस्ट के लिए भारत को कुछ प्रमुख खिलाड़ियों की कमी खलेगी। ऋषभ पंत लंबे समय से अनुपस्थित हैं, केएल राहुल आईपीएल में चोटिल होने के बाद फाइनल से बाहर हो गए और जसप्रीत बुमराह पीठ की समस्या से उबर रहे हैं। पोंटिंग ने कहा कि फाइनल भारत के शीर्ष क्रम और ऑस्ट्रेलिया के तेज आक्रमण के बीच प्रतियोगिता के इर्द-गिर्द घूमेगा। उन्होने कहा मुझे लगता है कि यह ऑस्ट्रेलिया की तेज गेंदबाजी के खिलाफ भारत का शीर्ष क्रम होगा, यह थोड़ा मुंह में पानी लाने वाला विचार है। आम तौर पर, हम भारत के स्पिनरों और ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाजों के बीच लड़ाई के बारे में सोचते हैं। लेकिन क्या ओवल में विकेट से यह नकारा जाएगा।

## पूर्व ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर बूथ का निधन

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व टेस्ट कप्तान ब्रायन बूथ का 89 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने शनिवार को यह जानकारी दी। मध्य क्रम के बल्लेबाज बूथ ने 1961 और 1966 के बीच ऑस्ट्रेलिया के लिए 29 टेस्ट खेलकर 42.21 की औसत से 1,773 रन बनाए। उन्होंने 1965-66 में इंग्लैंड के खिलाफ एशेज शृंखला के दौरान दो मैचों में ऑस्ट्रेलिया की कमान भी संभाली थी। बूथ से प्रशिक्षण हासिल करने वाले कर्टिस पैटरसन ने कहा, ब्रायन मेरे लिए वास्तव में अच्छे थे। जब से मैं सेंट जॉर्ज में नया आया था तब से। वह एक अद्भुत व्यक्ति थे और वास्तव में मुझे उनसे मदद मिली। बूथ ने ऑस्ट्रेलिया के लिए क्रिकेट के अलावा हॉकी में भी हाथ आजमाया और 1956 के मेलबर्न ओलंपिक खेलों में अपने देश का प्रतिनिधित्व किया। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के प्रमुख निक हॉकले ने कहा, ब्रायन को पूरे क्रिकेट समुदाय और उसके बाहर बहुत सम्मान और प्रशंसा मिली।

# खेल विभाग द्वारा विभिन्न शाखाओं में खिलाड़ियों के दाख़िले के लिए ट्रायल 22 मई से

**जालंधर।** पंजाब के खेल विभाग द्वारा वर्ष 2023-24 सत्र के दौरान राज्य के खेल विंग (रेज़ीडेंशियल), खेल विंग स्कूल (रेज़ीडेंशियल/डे-स्कॉलर) और स्टेट स्कूल ऑफ स्पोर्टस, जालंधर में खिलाड़ियों/महिला खिलाड़ियों के दाख़िले के लिए 22 से 25 मई तक चयन ट्रायल करवाने का फ़ैसला किया गया है। खेल विभाग के प्रवक्ता ने बताया कि स्पोर्टस विंग (रेज़ीडेंशियल) के ट्रायलों के अंतर्गत स्टेट स्कूल ऑफ स्पोर्टस, जालंधर में एथलेटिक्स, कुश्ती, जिम्नास्टिक, बॉक्सिंग, तैराकी, फुटबॉल और वॉलीबॉल (उम्र वर्ग 17 और 19 लडक़े) के लिए ट्रायल स्टेट स्कूल ऑफ स्पोर्टस, जालंधर में 22 और 23 मई और लाजवंती आउटडोर स्टेडियम होशियारपुर में बास्केटबॉल, कबड्डी, वॉलीबॉल, बॉक्सिंग, जूडो, एथलेटिक्स और तैराकी (उम्र वर्ग 14 और 17 लड़कियों) के लिए ट्रायल लाजवंती

लिया हो। अलग-अलग जिलों में स्थापित किये जाने वाले स्पोर्टस विंगों के लिए खिलाड़ी द्वारा ज़िला स्तर पर मुकाबले में पहली तीन पोज़ीशनों

# पंजाब का पुलिंदा बांध राजस्थान प्लेआफ की दौड़ में बरकरार

**धर्मशाला।** यशस्वी जायसवाल (50),देवदत्त पडिक्कल (51) और सिमरन हेटमेयर (46) की बेखौफ बल्लेबाजी की बदौलत राजस्थान रायल्स ने खेले गये आईपीएल मुकाबले में पंजाब को चार विकेट से हरा कर पावर प्ले की दौड़ में खुद को जीवित रखने में सफलता अर्जित की। इस मैच में जीत के बावजूद राजस्थान को अब मुंबई इंडियंस और रायल सुपर चैलेंजर्स की बड़े अंतर की हार का इंतजार करना होगा। धर्मशाला के खूबसूरत मैदान पर उतार चढ़ाव से भरपूर इस मुकाबले में सैम कुरेन (49 नाबाद), जितेश शर्मा (44)

# दैनिक जीवन की आदतों में सुधार लाएं पुलिसकर्मी पुलिस अधीक्षक

## तथागत फाउंडेशन का स्वास्थ्य शिविर संपन्न

राकेश परिहार पिछोर

**शिवपुरी** पुलिस अधिकारी और कर्मचारियों के लिए तथागत् फाउडेशन द्वारा नक्षत्र गार्डन में विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक रघुवंश सिंह भदौरिया एवं कार्यक्रम अध्यक्ष आईवी प्रशिक्षण केन्द्र डारेक्टर प्रकाश राव ने पुलिस अधीकारी एवं कर्मचारियों के लिए हेल्थ दिप्स दिए। शिविर में लगभग 165 महिला एवं पुलिस कर्मचारियों के द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण कराकर उपचार मेडीकल कालेज शिवपुरी एवं स्वास्थ्य विभाग के विशषज्ञ चिकित्सकों से प्राप्त किया।तथागत् फाउडेशन द्वारा आयोजित स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ पुलिस अधीक्षक रघुवंश सिंह भदौरिया, आईबी प्रशिक्षण केन्द्र डारेक्टर प्रकाश राव, मेडीकल कालेज शिवपुरी के डीन डॉ केबी वर्मा, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ संजय ऋषीश्वर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रवीण भूरिया ,रेडक्रास सेकेट्री समीर गांधी, मथुरा प्रसाद गुप्ता द्वारा किया गया। शिविर में पधारे अतिथियों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में स्वागत वक्तव्य के दौरान संस्था अध्यक्ष आलोक एम इन्दौरिया ने तथागत् द्वारा किए गए कार्यों का चित्रण प्रस्तुत किया। जिसमें श्योपुर में पुलिसकर्मियों के लिए स्वास्थ्य शिविर, परिवार परामर्श केन्द्र में सहयोग करते हुए 50 महिलाओं को स्वावलंबी बनाना ब्रेस्ट केंसर व यूट्स केंसर के लिए हर पन्द्रवे दिन शिविर का आयोजन करना प्रमुख रहा। इसी के साथ बदरवास मे आयोजित होने वाले स्वास्थ्य शिविर की भी उनके द्वारा जानकारी दी गई।शिविर में मुख्य अतिथि की आसंदी से उपस्थित पुलिसकर्मिया एवं चिकित्सकीय दल को संबोधित करते हुए पुलिस अधीक्षक रघुवंश सिहं भदौरयि ने कहा कि दवाएं केवल रोग को नियंत्रित करती हैं, लेकिन जीवन शैली रोग को उत्पन्न होने या न होने का कारण बनती है। इसलिए पुलिसकर्मियों को अपनी जीवन शैली अर्थात दैनिक जीवन की आदतों में सुघार करना चाहिए। उन्होंने पुलिस अधिकारी कर्मचारियों को स्वस्थ्य रहने के पांच सूत्र दिए जिनमें स्पोर्ट दैनिक जीवन में अपनाने,अलकोहल का सेवन न करने, रात्रि भोजन समय पर करने, प्रमुख रहे। उन्होंने तथागत् फाउडेशन का स्वास्थ्य शिविर आयोजन के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पुलिसकर्मियों को अपने और अपने परिवार के स्वास्थ्य की चिंता करने समय नही मिल पाता। परिजनों का स्वास्थ्य अवकाश लेकर की देख पाते है जो भी बडी कठिनाई से मिलता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे आईबी प्रशिक्षण केन्द्र के डारेक्टर प्रकाश राव ने अपने संस्मरण सुनाते हुआ कहा कि व्यायम ही एक मात्र साधन है स्वास्थ्य रहने का। व्यायम न कर सकें तो पैदल की चलें। आसपास यदि जाना हो तो शान शौकत छोडकर पैदल जाने का प्रयास करें। 1300 कदम में एक किलोमीटर की यात्रा हो जाती है। पैदल चलने से दिल मजबूत होता है। उन्होंने सूडान यात्रा के वृतांत से उपस्थित पुलिसकर्मियों को रूबरू कराया। शिविर को रेडक्रास सेकेट्री समीर गांधी, डीन मेडीकल कालेज केवी वर्मा ने भी संबोधित किया। स्वास्थ्य शिविर में रोगियों का परीक्षण करने पहुंचे डॉ पंकज शर्मा, डॉ नीति अग्रवाल, डॉ नीलम रघुवंशी, डॉ मनीष बाथम, डॉ पूर्वी सिंह, डॉ योगेन्द्र नरबरिया, डॉ अलीश सिंह, डॉ दिनेश अग्रवाल, डॉ बैष्णोदवी चंदोरिया, डॉ प्रवीण वर्मा एवं लवलेश जैन का स्मृति चिन्हभेंट कर सम्मान किया गया। इस अवसर पर उत्कृष्ट सेवाएं प्रदान करने के लिए तथागत फाउंडेशन के द्वारा समाज सेवी रमेश चंद गुप्ता, मथुरा प्रसाद गुप्ता, भरत अग्रवाल, डॉ नीति अग्रवाल, डॉ पंकज शर्मा का शॉल श्रीफल भेंट कर पुलिस अधीक्षक द्वारा सम्मानित किया गया।कार्यक्रम का संचालन पुलिस अधीक्षक के स्टेनों आशीष पटेरिया द्वारा किया गया तथा अभार प्रदर्शन एडी.एसपी प्रवीण भूरिया द्वारा किया गया।



### 165 पुलिस अधीकारी, कर्मचारियों ने कराया स्वास्थ्य परीक्षण

**तथागत् फाउडेंशन द्वारा आयोजित स्वास्थ्य शिविर में 165 पुलिस कर्मचारियों एवं अधिकारियों द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण कराया। जिसमें पुलिस अधीक्षक रधुवंश सिंह भदौरिया फिट रहे वहीं अतिरिक्त अधीक्षक प्रवीण भूरिया का वीपी हाई निकलने से वह चिंतित दिखाई दिए। इसके अतिरिक्त स्टोनो अशीष पटेरिया को हायरसेंटर पर परीक्षण कराने की सलाह दी गई। शिविर में स्वास्थ्य कर्मियों की भीड नेत्र रोग एवं अस्थिरोग चिकित्सक का पास अधिक संख्या में देखी गई वहीं जनरल फिजीशियन भी मरीजों की संख्या के कारण व्यस्त बने रहे। शिविर में महिला चिकित्सकों से महिला पुलिसकर्मियों ने अपनी समस्या खुलकर रखी और उपचार प्राप्त किया।**

# शहर कोतवाली पुलिस ने घर से चोरी गये 11 लाख 50 हजार रूपये के जेवरातो को चन्द घण्टो में किया बरामद

## जेवरातों को फरियादी को किया सुपुर्द

**पंकज त्रिपाठी**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** दिनांक 20/05/2023 को समय रात्रि करीब 10 बजे फरियादी सुनील यादव पिता भारत सिंह यादव निवासी अग्रवाल कालोनी भिण्ड ने 100 डायल के माध्यम से सूचना दी की मेरे घर में किसी अज्ञात व्यक्ति ने घूसकर गोदरेज की अलमारी में रखे सोने व चांदी के जेवरात चोरी कर लिये है। उक्त सूचना से पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री एवं नगर पुलिस अधीक्षक सुश्री निशा रेड्डी को अवगत कराकर थाना प्रभारी शिवसिंह यादव अपनी टीम को लेकर घटना स्थल पर रवाना हुये और फरियादी के घर के आस पास घेराबन्दी कर चोरी गये सामान की तलाश की एवं आस पास लगे सीसीटीव्ही फुटेज को चेक किया



गया तथा फरियादी के घर की संघन तलाशी लेने पर फरियादी के घर के नीचे भूसा की कोठी में चोरी गया सोने व चांदी के जेवरात एक झोले में मिले। सोने व चांदी के जेवरातो को झोले से निकालकर फरियादी को दिखाये गये। फरियादी के द्वारा सोने व चांदी के जेवरातो की पहचान की गई। तथा जेवरातो को फरियादी को सुपुर्द किया गया। फरियादी द्वारा कहा गया कि मेरा सोने चांदी के जेवरात मिल गये। है इस कारण में एफआईआर नहीं कराना चाहता हूँ । चोरी गया समान में एक छोटा सोने का हार (वजन 25 ग्राम),एक सोने की सीतारानी ( वजन 40 ग्राम),दो सोने के हथफूल (वजन 25-25 ग्राम),चार सोने की चूड़ी (वजन 35 ग्राम),एक झोडी ब्रजवाली (वजन 15 ग्राम ),एक सोने की चेन ( वजन 15 ग्राम),दो चांदी की करदोनी (वजन 400 ग्राम),दो जोडी चांदी की पायल (वजन 100, 100 ग्राम),चार जोडी चांदी के बिछिया (वजन 50 ग्राम)।कुल मसरुका कीमत करीब 11,50,000 रुपये का बरामद किया गया÷ टीम जिसके द्वारा कार्यवाही की गई निरीक्षक शिव सिंह यादव,उपनिरीक्षक अतुल सिंह भदोरिया,आरक्षक रवि जादौन,आरक्षक सुशील शर्मा, आरक्षक अभिषेक यादव,आरक्षक फूल सिंह,आरक्षक 1193 महेश यादव,आरक्षक अमन राजावत, आरक्षक बादल सिंह,आरक्षक राहुल सिकरवार, एफआरव्ही - 01 का पायलेट अर्जुन कुशवाह, वीडीएस मोनू जैन की सराहनीय भूमिका रही है।

# थाना देहात पुलिस ने हवाई फायर कर दहशत फैलाने वाले आरोपी को कटटा, राउण्ड के साथ पकडा

**पंकज त्रिपाठी**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश कुमार खरपूसे एवं नगर पुलिस अधीक्षक सुश्री निशा रेडडी के निर्देशन में थाना प्रभारी देहात निरीक्षक सुधीर सिंह कुशवाह के नेतृत्व में दिनांक 17/05/23 की रात्रि 11 बजे ग्राम विरधनपुरा में हवाई फायर कर दहशत फैलाने वाले आरोपी सक्षम शर्मा को गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त एक 315 बोर का कटटा 02 जिन्दा राउण्ड व 02 खाली खोखा बरामद किये गये है।दिनांक 17/05/23 की रात्रि को आरोपी सक्षम शर्मा ने अपने मोहल्ले के रहने वाले रितिक शर्मा को अनावश्यक गाली गलौज कर हवाई फायर कर दहशत फैलाई थी । रितिक शर्मा की रिपोर्ट पर थाना




अपराध क्र. 291 / 23 धारा 336, 294 भादवि का पंजीबद्ध किया गया। थाना प्रभारी देहात निरीक्षक सुधीर सिंह कुशवाह द्वारा उक्त आरोपी का आपराधिक रिकार्ड खंगाला गया तो पता चला कि उक्त आरोपी थाना देहात का निगरानी बदमाश है जिस पर पूर्व में 09 अपराध पंजीबद्ध है व घटना दिनांक से फरार चल रहा है। थाना प्रभारी द्वारा तत्काल टीम गठित कर आरोपी की तलाश में लगा दी तथा फरार आरोपी को कुछ घण्टों के अन्दर अपनी गिरफ्त में ले लिया। आरोपी के पास से बरामद कटटा व राउण्ड की खरीद फरोख्तके सम्बन्ध पूछताछ की जा रही है। बरामद मसरूका एक 315 का देशी कटटा,दो 315 बोर के जिन्दा राउण्ड,दो 315 बोर के खाली खोखा **सराहनीय भूमिका-** उक्त सराहनीय कार्य में सुश्री निशा रेडडी सीएसपी भिण्ड, निरी सुधीर सिंह कुशवाह, सउनि भानूप्रताप यादव, प्रआर सुनील पाण्डेय गुरूदास, सुमित तोमर, आर ज्ञानेन्द्र मिश्रा, सन्दीप राजावत, अभिषेक गुप्ता, प्रदीप भदौरिया आदि की महत्वपूर्ण भूमिका रही ।

# अवैध रेत उत्खनन,परिवहन,भंडारण पर पुलिस ने की बड़ी कार्यवाही

**पंकज त्रिपाठी**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**एक पनडब्बी मशीन को जलाकर किया नष्ट**



**भिण्ड ।** पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री के निर्देश पर सूचना के आधार पर डीएसपी (अजाक) अरविंद शाह के नेतृत्व में पुलिस के संयुक्त दल द्वारा थाना नयागांव के सिंध नदी के किनारे के गाँव टेहनगुर और खोंजरा में रेत के अवैध उत्खनन ,परिवहन और भंडारण पर कारगर कार्यवाही की गई। कार्यवाही में टेहनगुर से दो ट्रैक्टर की ट्रॉली मौके से जब्त करते हुए रेत चोरी के संबंध में थाना नयागांव में अपराध क्रमांक 33 /23 धारा 379, 414 भादवि क़ायम किए गए कुल मशरुका क़ीमती 3 लाख 50 हजार जप्त कर दोनों ट्रैक्टर ट्रॉली के मालिकों को आरोपी बनाकर उनपर वैधानिक कार्यवाही की गई। खोंजरा में एक पनडुब्बी मशीन को नष्ट कर जला दिया गया।खोंजरा और टेहनगुर में डंप किया रेत लगभग 450 घन मीटर( कीमती लगभग 1 लाख 30 हजार रुपए) मिला जिसके संबंध में माइनिंग इंस्पेक्टर द्वारा प्रकरण बनाकर अग्रिम कार्यवाही प्रचलन में है ।इसी प्रकार उमरी थानांतर्गतसिंध नदी के किनारे खैरा और श्यामपुरा में डंप किया रेत लगभग 400 घन मीटर( कीमती लगभग 1लाख 15 हजार रुपए) मिला जिसके संबंध में माइनिंग इंस्पेक्टर द्वारा प्रकरण बनाकर अग्रिम कार्यवाही प्रचलन में है ।

# पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की 32 वीं पुण्यतिथि कांग्रेसियों ने मनाई

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता शहर कांग्रेस के अध्यक्ष डॉ राधेश्याम शर्मा ने की।स्व.राजीव गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर शहर कांग्रेस कार्यालय पर समस्त कार्यकर्ताओं ने राजीव गांधी के बताए मार्ग पर चलने की शपथ ली इस अवसर पर शहर कांग्रेस के अध्यक्ष डॉ राधेश्याम शर्मा ने कहा कि स्वर्गीय राजीव गांधी अपने छोटे भाई स्वर्गीय संजय गांधी की मृत्यु के उपरांत राजनीति में आए इसके पहले वह पायलट थे उनका राजनीति से दूर तक कोई वास्ता नहीं था 1982 में पहली बार अमेठी से लोकसभा के लिए चुने राजीव गांधी का सपना था कि गांव-गांव में टेलीफोन पहुंचे और कंप्?यूटर शिक्षा का प्रचार हो। - राजीव गांधी के सपनों का भारत सैन्य शक्ति भी था। वह अमन के पैरोकार थे,लेकिन जानते थे कि शांति और अहिंसा की बातें मजबूत मुल्क को ही शोभा देती हैं।जिस कंप्यूटर, आईटी और टेलीफोन जैसे कई अन्य क्षेत्रों में आज हम पूरी दुनिया को टक्कर देने का दंभ भर रहे हैं वह राजीव



की ही देन है। भारत के जिन नौजवानों पर आज पूरी दुनिया की नजर है उसकी ताकत को राजीव ने बहुत पहले ही भांप लिया था स्व. राजीव गांधी ने पंचायती राज की स्थापना की और महिलाओं को भी आरक्षण दिया उन्होंने मतदान की उम्र 21 घटा कर- 18 वर्ष की उनको संचार क्रांति का जनक कहा जाता है और आधुनिक भारत के निर्माण में भारत में पहली बार कंप्यूटर लेकर आए विश्व शांति के क्षेत्र में भी उन्होंने काम किए और श्रीलंका में शांति स्थापित करने के लिए शांति सेना भेजी आज जब वह हमारे बीच नहीं है हम उनके बताए मार्गो पर चलने की शपथ लें और भारत के सशक्त निर्माण में सहयोग दें। इस अवसर पर डॉ राधेश्याम शर्मा महिला कांग्रेस की अध्यक्ष रेखा भदौरिया ,संतोष त्रिपाठी, पूर्व पार्षद स्नेह लता जैन, इरशाद कुरैशी, दीपचंद तिवारी, सोनवीर यादव ,राजमणि शर्मा, रामहेत शाक्य आदित्य पुरोहित ,पीसी दीक्षित, पवन चौरसिया प्रदीप भदोरिया, बलराम जाटव ,आनंद त्रिपाठी, मोहम्मद इरफान ,नमन सिरोठिया, संजय यादव,बृजेश कुमार, आनंद शांति शाक्य ,कुलदीप भारद्वाज, सर्वेश यादव, नीरज त्रिपाठी,हरिओम कटारे रामनिवास शर्मा सरोज जी योगेश जोशी राहुल यादव हरदयाल सिंह आदि कांग्रेस जन उपस्थित थे ।

# मध्य प्रदेश के गृहमंत्री अपनी विधानसभा दतिया पहुंचे,लोगों की सुनी समस्याएं





**संदीप प्रधान**
**उप संपादक की रिपोर्ट**

**दतिया ,** प्रदेश के गृहमंत्री डॉ नरोत्तम मिश्र दो दिवसीय प्रवास के दौरान रविवार को आज दतिया पहुंचे। डॉ मिश्र ने दतिया पहुंचने पर राज घाट कॉलोनी निवास पर विभिन्न स्थानों से आए लोगों की समस्याओं को पूरी गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुनते हुए उनके निराकरण के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए । डॉ मिश्र रविवार को दतिया में विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेंगे

# गांवो में शिविर लगाकर ग्रामीणों को कराया योग व ध्यान का अभ्यास

पुष्पांजलि टुडे रिपोर्टर मौ डॉ.बेताल सिंह गौड़

**म.प्र. जन अभियान परिषद् विकासखण्ड गोहद के सहयोग से**

**एकात्म अभियान हर दिल ध्यान- हर दिन ध्यान के अंतर्गत ग्राम असोहना, अधियारी कला, अधिकारी खुर्द, खेरिया जल्लू**

1 नगर परिषद मौ मैं रामचन्द्र मिशन हार्ट फुलनेस सेंटर कान्हा शांति वनम हैदराबाद से आए प्रशिक्षक नवीन कलानिया, जसपाल सिंह गिल प्रदीप गुप्ता द्वारा ग्रामीणों को योग व ध्यान का प्रशिक्षणदिया गया उन्होंने प्रशिक्षण देते हुऐ कहा कि ध्यान करने से हमारा मन शांत रहता है। यह हृदय पर केन्द्रित होकर ध्यान करने की विधि है जिसमे हम हर पल अपने हृदय का अनुसरण करते हैंधान से मारे विचारों में शुद्धता एवं पवित्रता आती है। प्रतिदिन अपने घर परिवार में सदस्यों के साथ 30 मिनट



निगमित योग एंव ध्यान का अभ्याम करना चाहिए। विकासखंड समन्वयक व्रजेन्द्रसिंह शर्मा ने कहा कि 21 जून को अंतराष्ट्रीय योग दिवस पर होने वाले योग कार्यक्रम के लिए गाँव-गाँव में योग शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस अपार पर नगर शिक्तस प्रस्फुटन सीम अध्यक्ष, प्रशान्त मौर्य, राजीव कुमार रजक, व्रजकिशोर शर्मा, जनमत सिंह अभिषेक डॉ विकान्त यादव, धर्मेन्द्रसिंह मलखानसिंह, नरेश सिंह मौर्य मेंटर्स, अविन्द्रसिंह यादव विशेष रूप से उपस्थित रहे। इन शिविरों मे ग्रामीणों ने बड़-चड़कर हिस्सा, लिया। कार्यक्रम के अंत में पक्षियों के लिए दाना-पानी सकोरे टांगे गए और पर्यावरण संरक्षण का

# आधार कार्ड सुधारक केंद्र की मशीन नहीं होने से मालनपुर नगर के लोग हो रहे हैं परेशान

दैनिक पुष्पांजली टुडे संवाददाता
मालनपुर संवाददाता
पहलवान सिंह राजावत

मालनपुर नगर परिषद में आधार सुधार केंद्र की मशीन नहीं होने से मालनपुर नगर के लोग उठा रहे हैं परेशानी अपना काम धंधा छोड़कर ग्वालियर और गोहद 20 किलोमीटर जाना पड़ रहा है बता दें कि नगर में आधार कार्ड नहीं है आधार केंद्र कितना अति आवश्यक है बैंक में खाता खुलवाना हो समग्र आईडी सुधार करवानी हो या बच्चों को स्कूल में दाखिला करवाना होगा सरकारी योजना का लाभ आधार कार्ड के बगैर नहीं मिलता है क्योंकि नगर में आधार सुधार केन्द्र नहीं हाने से नगर वासी परेशानी ऊठा रहे हैं क्योंकि सरकार के द्वारा आधार कार्ड विलकुल सही होना चाहिए जैसे कि जन्मतिथि एवं पता अपडेट करवाने के लिए नगर के रहवासी व ग्रामवासी को ग्वालियर के गोहद का चक्कर लगाना पड़ रहा हैं इसलिए क्षेत्र के लोगों ने यह मांग की है कि मालनपुर क्षेत्र में एक आधार सुधार केंद्र की




मशीन लगवाई जाए जिससे लोगों को आ रही परेशानी से निजात मिल सके वैसे तो क्षेत्र में कई ऑनलाइन की दुकानें संचालित है मगर किसी भी दुकान पर आधार सुधारक की की अथॉरिटी नहीं दी गई है आधार सुधार केंद्र बी एस एन एल ऑफिस में संचालित हुआ था लेकिन लगभग 1 माह पहले बंद हो गया जिससे क्षेत्र के नगरवासी इस भीषण गर्मी में आधार अपडेट करवाने के लिए परेशान हो रहे हैं कम्युनिस्ट पार्टी जिला उपाध्यक्ष देवेंद्र शर्मा का कहना है कि आधार सुधार केंद्र नहीं होने से मालनपुर की गरीब जनता ग्वालियर गोहद मजबूरी में ऐसी भीषण गर्मी में आधार केंद्र पर जाने को मजबूर है इसी क्रम में नगर परिषद पार्षद वार्ड नंबर 10 मानसिंह उर्फ पप्पू ने बताया कि वार्ड के लोगों को आ रही आधार को अपडेट करवाने परेशानी के बारे में जानकारी दी बताया कि लोग ऐसी तपती धूप मैं मालनपुर से गोहद एवं ग्वालियर आधार कार्ड अपडेट कराने के लिए भटक रहे हैं मालनपुर नगर में आधार केंद्र होना अनिवार्य है जिससे नगर की जनता की समस्या हल हो सके

मालनपुर नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि मुकेश सिंह किरार का कहना है कि मालनपुर नगर वासियों के लिए उच्चाधिकारियों को अवगत पत्र लिखकर अवगत कराएंगे और क्षेत्र में आधार सुधार केंद्र कि मशीन की मांग करेंगे

# राजीव गाँधी की पुण्यतिथि पर युवाओं ने किया रक्तदान

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**मेहंगाव ।** भारत के पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गाँधी जी कि पुण्यतिथि पर देशभर में उन्हें याद किया जा रहा है 21 मई 1991 को एक आत्मघाती बम धमाके में भारत रत्न राजीव गाँधी कि हत्या कर दीं गयी।पुण्यतिथि पर अंकित तोमर एनएसयूआई जिला भिण्ड ने मेहगांव शासकीय अस्पताल मैं ब्लड डोनेशन कैंप लगाया और सभी एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने रक्तदान कर व 2




मिनट का मौन धारण करके उनको याद किया।इस मौके पर अंकित तोमर,आशीष शर्मा,उस्मान खान, लालू खान, रामु राठौर,गौरव शिवहरे,आनंद भदौरिया,अंशुल शुक्ला,मनीष गुर्जर, रामु मिश्रा आदि कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे

## जीतो प्रतिनिधि मंडल की असम के राज्यपाल से भेंट

# इंदर चले मेघालय नामक वार्षिक भ्रमण यात्रा पूर्ण

**पुष्पाजंली टुडे**

**बेंगलुरू ।**अपनी वार्षिक यात्रा के अन्तर्गत मेघालय एवं असम राज्य के भ्रमण पर गये जीतो बेंगलुरु नार्थ के एक दल ने असम राज्य के महामहिम राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया से गुवाहाटी में राजभवन में शिष्टाचार भेंट की। भेंट के दौरान राज्यपाल ने जीतो दल से कहा कि अब असम राज्य में पहले जैसी स्थित नहीं है अब यहा का माहोल व्यापारियों के लिये अच्छा एवं सकारात्मक है। साथ ही उन्होंने कहा कि जैन समाज न केवल दान-सेवा के कार्यों में हमेशा अग्रणी रहा है बल्कि व्यापार में भी शिखर पर है। चुकि असम में प्रचुर मात्रा में व्यापार के अवसर होने से उन्होंने व्यापारियों से असम में अपनी व्यापारिक गतिविधियों को फैलाने का आमंत्रण दिया।जीतो दल की ओर से जीतो बैंगलुरु नार्थ के अध्यक्ष इंदरचंद बोहरा, महामंत्री सुधीर गादिया एवं वार्षिक यात्रा संयोजक कमल पुनमिया ने राज्यपाल को असमी परंपरा का स्मृति चिन्ह भेट किया। उत्तर-पूर्व राज्यों के मनमोहक दृश्यों-आकर्षक पहाड़ियों के



भ्रमण, वहां की संस्कृति को समझने वाली एवं वहां के रीति रिवाजों को नजदीक से देखने के अवसर वाली सात दिवसीय वार्षिक यात्रा का समापन रविवार को हुआ। जीतो वार्षिक यात्रा के संयोजक कमल पुनामिया के अनुसार ÷इंदर चले मेघालय÷ नामक यह यात्रा मजेदार एवं मनमोहक के साथ एक शानदार अनुभव रहा और यात्रा के दौरान प्रत्येक दिन को आरामदायक बनाने के लिये विशेष कार्ययोजना बनाई गई थी। यात्रा को अधिकतम आनंददायक बनाने के लिये यात्रा की योजना को प्रभावी ढंग और कुशलता से तैयार की गई थी। संपूर्ण यात्रा के दौरान सदस्यों का आपसी जुड़ाव देखने को बनता था और हर आयु वर्ग को फिर से युवा होने का एहसास हुआ। भ्रमण दल में शामिल उषा किशोर शाह ने यात्रा को यादगार बताते हुए कहा कि यात्रा के दौरान मुझे सभी लोग एक परिवार की तरह लगे और नये दोस्त बनाने का मौका मिला। यात्रा आयोजन के लिये जीतो को धन्यवाद देते हुए राजु कोठारी एवं सुरेश बांठिया ने कहा कि सपत्नीक की गई यह यात्रा उनके जीवन के शानदार पलों में से एक बन गई है। यात्रा में उत्कृष्ट व्यवस्था उनके अपेक्षा से परे थी जो जीवनभर याद रहेगा। सह संयोजक रुपचंद कुमट ने यात्रा को सुचारु और व्यवस्थित बनाने में सहयोग के लिये सभी यात्रियों को धन्यवाद दिया

# कांग्रेसियों ने पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की पुण्यतिथि मनाई



**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड । 21 मई 2023 को जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय बीटीआई रोड पर जिला कांग्रेस द्वारा भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की 32 वीं पुण्यतिथि मनाई गई जिसमें मुख्य रुप से उपस्थित इरशाद अहमद संगठन मंत्री योगेश कुमार शाक्य, जिला कांग्रेस कार्यालय प्रभारी सत्य प्रकाश गोयल एडवोकेट,जिला महामंत्री नयन सिंह समाज प्रकोष्ठ के प्रदेश महामंत्री सुनील कुमार शर्मा जिला अध्यक्ष बेरोजगार प्रकोष्ठ के अध्यक्ष कांग्रेस कमेटीभागीरथ सिंह कुशवाह, जिला सचिव कांग्रेस कमेटी शाहिद खान गुड्डू सचिव, एवरन सिंह बघेल,तार खान अंसारी ब्लॉक उपाध्यक्ष भिंड असलम वारसी भिंड आदि लोग सम्मिलित हुए।

# डबिंग प्रीमीयम लीग सीजन 2 का हुआ आयोजन



**पुष्पाजंली टुडे**

**बेंगलुरू** ऋकृसिबल इनोवेशंस द्वारा राजीव गांधी खेल मैदान बेंगलुरु में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता डबिंग प्रीमीयर लीग 2023 सीजन 2 मैं खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए विशेष अतिथि महेंद्र मुणोत ने कहा की खेल के साथ ही खेल भावना को होना जरूरी है । मुणोत ने कहा कि खेल जैसी क्रिया से शारीरिक एंव मानसिक मजबूती मिलती है ।

# थाना बिस्टान पुलिस खरगोन पुलिस की बड़ी कार्यवाही अवैध हथियार बनाने वालों के गिरोह के विरूद्ध बडी कार्यवाही

**खरगोन जिले से**
**मुन्ना खान**
**पुष्पांजली टुडे**

अवैध हथियार बनाने वाले कुल 06 आरोपी को पुलिस ने किया गया गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से कुल 16 नग देशी पिस्टल व बड़ी मात्रा में




पिस्तौल बनाने की सामग्री की गई जप्त जप्तशुदा मश्रुका की कुल कीमत 1,39,000/पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार अवैध हथियार विक्रेता एवं तस्करी करने वालों के विरुद्ध पुलिस लगातार कार्यवाही कर रही इसी तारतम्य में अवैध हथियार बनाने वालों एवं तस्करी करने वालों की सुचना प्राप्त होने पर खरगोन पुलिस अधीक्षक धर्मवीर सिंह यादव के निर्देशन समस्त अनुविभागीय अधिकारी पुलिस एवं समस्त थाना प्रभारियों को प्रभावी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया इसी दौरान थाना बिस्टान पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली की ग्राम गारी में सिकलीगर फाल्या के पिछे बैडी पर कुछ लोग सिकलीगर है पेड़ों के नीचे बैठकर अलग बैठकर अवैध रूप से अवैध पिस्टल देशी बना रहे हैं सुचना पर तत्काल भिकनगांव एसडीओपी संजु चौहान के निर्देशन पर थाना प्रभारी बिस्टान सुनिता मुज्लदे उनि, पप्पू मोरे कावा, अरूण पाल सिंह सऊनि राजेश दिनकर संतोष चौधरी प्रताप सिंह सौलकी असद बेग ओर भी थाना पुलिस बल की सराहनीय भूमिका रही

# गाजे बाजे हाथी घोड़ा ढोल ढमाको के साथ निकली कलश यात्रा,जगह जगह नगरबाशियो ने किया जोरदार स्वागत

**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक**
**पुष्पांजली टुडे**







दबोह- दबोह क्षेत्र के ग्राम कुरथर में आयोजित होने जा रहे 108 कुंडीय विशाल महायज्ञ की कलशयात्रा रविवार को ब? ही धूमधाम से गाजे बाजे हाथी घोड़ा ढोल ढमाको के साथ निकली।कलशयात्रा के लिए जल दबोह क्षेत्र के सुप्रसिद्ध मन्दिर माँ रणकौशला देवी की बाउड़ी से मंत्रोच्चारण कर भरा गया।जिसके बाद महिलाओ ने सिर पर कलश रखे और कलशयात्रा कथा स्थल कुरथर के लिए पैदल प्रारंभ हुई।पैदल कलशयात्रा के दौरान भीषण गर्मी में धर्मप्रेमियों द्वारा जगह जगह पानी के स्टॉल लगाकर कलशयात्रा में शामिल महिलाओ व पुरुषों को शीतल जल पिलाया गया।जिसके बाद कलशयात्रा देर शाम अपने स्थान पर पहुंची।आपको बता दें कि कुरथर के श्री कुंअर बाबा आश्रम पर श्री श्री 1008 शिवदास जी त्यागी महाराज बाबड़ा सरकार कुरथर के कुशल मार्गदर्शन में 108 कुंडीय विशाल नौ दिवसीय श्रीराम महायज्ञ 21 मई से शुरू हुआ है।इस महायज्ञ में सातों दिन तुलसी पीठ के उत्तराधिकारी आचार्य रामचंद्र दास(जय महाराज जी)के मुखारबिंद से श्रोताओं को कथा का रसपान कराया जाएगा।वहीं 29 मई 2023 को बागेश्वर सरकार के पीठाधीश्वर धीरेंद्र शास्त्री के पूज्य गुरुदेव जगतगुरु रामानन्दाचार्य श्री स्वामी रामभद्राचार्य जी महाराज महायज्ञ में पधारेंगे।इसके अलावा इस महायज्ञ में राजनीतिक क्षेत्र से भी कई दिग्गज नेताओं के आने की संभावना जताई जा रही है।

**कोंच रोड पर हुआ कलशयात्रा का भव्य स्वागत**-कोंच रोड स्तिथ व्यापारियों में कलशयात्रा को लेकर काफी खुशी देखने को मिली।जिसके चलते व्यापारियों ने कोंच रोड पर भीषड गर्मी के चलते शीतल जल की व्यवस्था की।जिसमे दिनेश गुप्ता मिठ्या,अवधकिशोर गुप्ता,सुरेश गुप्ता,गिरजाशंकर गुप्ता,कल्लू विजपुरिया,विकास गुप्ता,अर्पित गुप्ता,प्रतीक गुप्ता,रमन नगरिया समेत कई नाम शामिल हैं।

# बलकवाड खरगोन पुलिस शातीर चोरो गिरोह के सदस्य को गिरफ्तार करने में मिली सफलता

**खरगोन जिले से मुन्ना खान पुष्पांजली टुडे**

चोर गिरोह के 03 सदस्य गिरफ्तार
01 बुलेट गाडी एवं 01 मोटर सायकल जप्त
कुल जप्तशुदा मशरुके की कीमत लगभग 2,00,000/- रुपये



पुलिस महानिरीक्षक इंदौर जोन इंदौर (ग्रामीण) श्री राकेश गुप्ता एवं पुलिस उप. महानिरीक्षक निमाड रेंज खरगोन श्री तिलकसिंह द्वारा चोरी की घटनाओ पर अंकुश लगाने हेतु निर्देशित किया गया था । उक्त निर्देशों के परिपालन मे पुलिस अधीक्षक खरगोन श्री धर्मवीर सिंह यादव के मार्गदर्शन में जिले के समस्त अनुभाग के अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) व समस्त थाना प्रभारियों को प्रभावी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया । इसी तारतम्य में थाना बलकवा?ा क्षेत्र की चौकी खलटाका मोटर साइकल चोरी करने वाले आरोपी को पक?कर कार्यवाही की गई है । दिनांक 14.05.2023 एवं 15.05.2023 की मध्यरात्री मे ग्राम आनंदबैडी गणेश धाम कालोनी से एक बुलेट गाडी चोरी होना तथा ग्राम निमरानी से एक पैशन प्रो मोटर सायकल चोरी होने की सुचना पर प्रथक ङ्क प्रथक अपराध क्रमांक 181/23 धारा 379 भादवि एंव अपराध क्रमांक 183/23 धारा 379 भादवि का पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया । उक्त चोरी की घटना के संबंध में पुलिस टीम द्वारा कालोनी के आने जाने के रास्तों की रात भर की सीसीटीव्ही फुटेज एकत्रित कर उनका बारीकी से अवलोकन किया गया । चोरी की घटना के संबंध में पुलिस टीम द्वारा मुखबिरों को सक्रिय कर उन्हे भी घटना से जुड़ी सूचना एकत्रित करने हेतु लगाया गया । परिणामस्वरूप मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई की संभावना है कि उक्त चोरी की घटना के संबंध में पर संदिग्ध चंदन निवासी कोली मोहल्ला ठीकरी, रितेश निवासी जरवाह व अजय निवासी जरवाह द्वारा की गई है मुखबिर की सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुए पुलिस टीम द्वारा तीनों को थाने लाया गया एवं उनसे बारीकी से पूछताछ करने के दौरान उन्होंने उक्त चोरी को करना स्वीकार किया । पुलिस टीम द्वारा आरोपियों के कब्जे से 01 बुलेट मोटरसाइकल एवं 01 पैशन प्रो मोटरसाइकल को जप्त किया गया ।

**गिरफ्तारशुदा आरोपी-**

1.चंदन पिता सुरेश वर्मा जाति कोली उम्र 22 साल निवासी कोली मोहल्ला ठीकरी
2.रितेश पिता राकेश वर्मा जाति कोली उम्र 19 साल निवासी जरवाह
3.अजय पिता महेश कामले जाति कोली उम्र 19 साल निवासी जरवाह
4.

**जप्तशुदा मश्रुका का विवरण**

102 मोटरसाइकल कीमत लगभग 2,00,000/- रूपये।

**पुलिस टीम**

उक्त प्रकरण मे अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) अनुभाग मण्डलेश्वर श्री मनोहरसिंह गवली के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी बलकवाडा निरीक्षक आर एस ठाकुर के नेतृत्व में उनि रितेश तायडे, सउनि विनोद पाटील, सहायक उप निरीक्षक कैलाश पाटीदार, आरक्षक 460 राकेश चौहान, आरक्षक निरज यादव, आरक्षक अनिल कुशवाह, आरक्षक चालक 813 नरेन्द्र जाट का विशेष योगदान रहा ।

# विद्यालय के प्रवेशोत्सव दौरान भामाशाह द्वारा निर्धन विद्यार्थियों को मिली छात्रवृत्ति

**पुष्पाजंली टुडे**

**पाली।**कुशालपुरा श्री आईजी शिक्षण संस्थान उच्च माध्यमिक विद्यालय कुशालपुरा द्वारा प्रवेशोत्सव प्रतिभाओं का भामाशाहो का सम्मान एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम श्री आई माताजी की आरती गणेश वंदना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया द्यजिसमें मुख्य अतिथि श्रीमती सुशीला देवी सीरवी सरपंच महोदया ग्राम पंचायत कुशालपुरा एवं राकेश नवल उप सरपंच ग्राम पंचायत कुशालपुरा विशिष्ट अतिथि नारायण लाल सीरवी भूतपूर्व सरपंच साहब गौतम चंद सीरवी पंचायत समिति सदस्य दुर्गा राम पवार सीरवी राष्ट्रीय किसान समिति सचिव अंबाराम सीरवी पुलिस विभाग पाली बाबूलाल सीरवी अध्यक्ष श्री सीरवी नवयुग मंडल कुशालपुरा कृष्ण पालीवाल एवं भामाशाह किसनाराम सोलंकी धर्माराम सीरवी गुमना राम चोयल हुकमाराम चोयल उगमाराम कुमावत अणदाराम चोयल जसा राम सीरवी इन सभी भामाशाहो द्वारा विद्यार्थियों का



उत्साह वर्धन किया गया एवं विद्यालय परिवार द्वारा सभी आगंतुक मेहमानों का श्री आईमाताजी का दुपट्टा एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया। इस कार्यक्रम में जिन विद्यार्थियों ने प्रथम ,द्वितीय ,तृतीय स्थान प्राप्त किया उनको स्मृति चिन्ह देकर उनका उत्साहवर्धन किया एवं सांस्कृतिक प्रोग्राम में भाग लेने वाले सभी 45 छात्राओं व 7 छात्र को सीरवी राष्ट्रीय किसान समिति संस्थापक सह संस्थापक महोदय अध्यक्ष भिखमचन्द काग,सचिव जगदीश सिंदडा द्वारा राजस्थानी घरेलू ड्रेसे दी गई जिसकी वेल्यु 24 हजार रुपए है द्य साथ ही रामपुरा कलां की होनहार प्रतिभा के लिए 11 हजार रुपये पारितोषिक देने की भी घोषणा की गई।प्रधानाचार्य शिक्षा समिति सचिव मदन लाल सिरवी ने बताया कि आईजी शिक्षा समिति द्वारा गत 5 वर्षों से लगातार आईजी शिक्षण संस्थान 8कुशालपुरा में अध्ययनरत सभी छात्र छात्राओं को निशुल्क पाठ्य पुस्तकें एवं कमजोर वर्ग के विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति एवं विद्यालय यूनिफार्म भी दी जाती है तथा नवीन सत्र 2023-24 हेतु कक्षा 1 से 12 तक अंग्रेजी व हिंदी माध्यम के साथ कक्षा 11 व 12 में कला वर्ग व विज्ञान वर्ग के लिये प्रवेश प्रक्रिया शुरू कर दी गई है । ये जानकारी एस .एम.एस.एकाडमी के निर्देशक समिति सदस्य माधवसिंह चोयल द्वारा दी गई।

# कांग्रेस जिलाध्यक्ष मानसिंह ने की पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ से मुलाकात

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भोपाल ।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के निवास पर भिण्ड जिला कांग्रेस कमेटी जिलाध्यक्ष मानसिंह कुशवाहा ने मुलाकात करते हुए संगठनात्मक विषय पर चर्चा की तथा पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ को कांग्रेस नेता मान सिंह कुशवाहा ने जानकारी देते हुए बताया कि भिण्ड जिले में पांचों विधानसभाओं पर कांग्रेस पार्टी जीत दर्ज करेगी । वचन पत्र में शामिल की गई नारी सम्मान योजना जिसमें महिलाओं को 15 सौ रुपए प्रतिमाह दिए जाएंगे रु 500 में सिलेंडर एवं 100 यूनिट बिजली का बिल फ्री एवं 200 यूनिट बिजली बिल हाफ का जो वचन दिया है इन सब विषयों को लेकर कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता घर घर जाकर कांग्रेस पार्टी के दिए हुए वचनों को बताने का कार्य कर रहे हैं। कांग्रेस पार्टी की जिला भिण्ड में चल रही गतिविधियों की पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने सराहना की, इस मौके पर युवा नेता आशीर्वाद शर्मा,जिला महासचिव शालू पुरोहित,युवा कांग्रेस प्रदेश सचिव राजेंद्र सिंह परिहार जिला सचिव कांग्रेस कमेटी भिंड से मौजूद थे।



## 29 कुण्डीय श्री राधाकृष्ण महायज्ञ में श्रीमद् भागवत कथा का चौथे दिन

# कलयुग में कथा सुनने मात्र से व्यक्ति भवसागर से पार हो जाता है-श्रीजी प्रिंयका शास्त्री

**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक**
**पुष्पांजली टुडे**

**दबोह-** नगर दबोह के समीप ग्राम धौरका में 29 कुण्डीय श्री राधाकृष्ण महायज्ञ सर्वजातिय सामूहिक कन्या विवाह महायज्ञ एवं श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ एवं संत प्रवचन यज्ञ में कथा के चौथे दिवस श्रीजी प्रियंका शास्त्रीजी ने श्रीमद् भागवत महापुराण की अमृत वर्षा से भक्तो कृतारित किया श्रीजी प्रियंका शास्त्रीजी ने श्रीमद् भागवत महात्म्य के महात्मा को दर्शाते हुए कई विषयों पर प्रकाश डालते हुए ध्रुव चरित्र,भक्त प्रह्लाद चरित्र और नरसिह अवतार प्रसंग पर कथा सुनाई।कथा व्यास श्रीजी प्रियंका शास्त्री ने कहा कि हिरना कश्यप सबको आदेश दे रहा है कि भक्त प्रह्लाद को खत्म करो,भस्म करो लकर्?यों के चारों तरफ जल्लाद ख? कर दिए गए इस दौरान जब आग का भयानक जलवा हुआ,तब भक्त प्रहलाद ने इतना ही कहा अच्छा भगवान,अच्छा मेरे राम तेरी मर्जी और भक्त प्रह्लाद बच गए नरसिह





अवतार में हिरना कश्यप को मार कर भक्त प्रह्लाद को बचाया भगवान की भक्ति में ही शक्ति है।उन्होंने कहा कि सभी अपने बच्चों को संस्कार अवश्य दें, जिससे वह बुढ़ापे में अपने माता पिता की सेवा कर सकें,गौ सेवा, साधु की सेवा कर सकें,कथा सुनने से मानव जीवन में संस्कार का उदय होता है।जीवन में कितनी भी विकट परिस्थिति क्यों न आ जाए मुनष्य को अपना धर्म व संस्कार नहीं छोड़ना चाहिए ऐसे ही मनुष्य जीवन के रहस्य को समझ सकते हैं।कहा कि जिसकी भगवान के चरणों में प्रगाढ़ प्रीति है,वही जीवन धन्य है ईश्वर ने विभिन्न लीलाओं के माध्यम से जो आदर्श प्रस्तुत किया,उसे हर व्यक्ति को ग्रहण करना चाहिए।ऐसा करने से जीवन मूल्यों के बारे में जानकारी मिलने के साथ-साथ अपने कर्तव्य को भी समझा जा सकता है।ग्राम धौरका में दूर-दूर से श्रद्धालुओं की भी? प्रवचन सुनने के लिए उम? रही है चौथे दिन यज्ञ प्रबंधक चंद्रशेखर कुशवाहा भगत जी समस्त क्षेत्रवासिओ से अपील की 29 कुण्डीय श्री राधाकृष्ण महायज्ञ सर्वजातिय सामूहिक कन्या विवाह महायज्ञ एवं श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ एवं संत प्रवचन आप सभी सनातन धर्म प्रेमी श्रद्धालु भक्तों को यह जानकर पर हर्ष होगा कि सुश्री प्रियंका शास्त्रीजी के मुखारविन्द से ÷श्रीमद् भागवत महापुराण ÷ की अमृत वर्षा संत प्रवचन एवं राम कथा का आयोजन किया जा रहा है।आप सभी भक्तजनों एवं श्रद्धालुओं



से आग्रह है कि इस पुण्य अवसर पर निम्न कार्यक्रमानुसार सपरिवार एवं इष्ट मित्रों सहित उपस्थित होकर ज्ञानार्जन एवं पुण्य के भागी बनें तथा कार्यक्रम को सफल बनाए आप सभी सादर आमंत्रित है।इस दौरान यज्ञाचार्य शिवम् शास्त्री श्रीधाम वृंदावन, यज्ञ परीक्षत बब्बूराजा गुर्जर (गोटिया) कथा परीक्षत सुनीता अनुरूध सिंह गुर्जर ( बड़ेलला) एवं समस्त क्षेत्रवासियो मौजूद रहे।

# पूर्व प्रधानमंत्री के बलिदान दिवस पर कांग्रेसियों ने उनके चित्र पर किया माल्यार्पण, हॉस्पिटल में किए फल वितरण



**पुष्पांजलि टुडे रिपोर्टर**
**अभिषेक कुशवाह**

**सिरोंज।**आधुनिक भारत के निर्माता, कंप्यूटर क्रांति के जनक, ÷भारत रत्न÷ स्व. श्री राजीव गांधी जी के बलिदान दिवस पर सिरोंज के राजीव गांधी स्मृति हॉस्पिटल में ब्लाक /नगर कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित कार्यक्रम में स्वर्गीय राजीव गांधी जी के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए एवं मरीजों को फल और बिस्कुट वितरण किया इस अवसर ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुरेश यादव नगर अध्यक्ष इरशाद गौरी मध्यप्रदेश केश शिल्पी कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष विनोद सेन,भरतदीप मेहता, अशोक यादव, सुब्हान गौरी,राकेश पालीवाल,अतीक मंसुरी,जफर खांन,राजेश दिनकर,चंदू ठेकेदार, गजराज सिंह राजपूत ,अजहर गौरी सहित अनेक कांग्रेसजन उपस्थित थे

## गोहद बना जनप्रतिनिधियों की चारागाहःनागर

# जन समस्याओं को लेकर आम आदमी पार्टी की प्रेस वार्ता

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**गोहद।** जैसे ही चुनाव नजदीक आते जा रहे हैं हर पार्टी चुनाव में अपनी किस्मत आजमाना चाहती है आम आदमी पार्टी ने आज गोहद की समस्याओं को लेकर प्रेस वार्ता की जिसमें पार्टी के विधानसभा चुनाव के संभावित प्रत्याशी पूरन सिंह नागर रिटायर्ड फौजी ने कहा कि गोहद में पानी की समस्या है नगर पालिका द्वारा टैंकर वितरण में भ्रष्टाचार हो रहा है नगर की सड़कों का बुरा हाल है विद्युत कटौती से लोग परेशान हैं। यहां के जनप्रतिनिधि चुनाव जीतकर कोई कार्य नहीं करते, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह ने एंडोरी को टप्पा बनाने की घोषणा की थी परंतु आज तक वहां टप्पा नहीं बनाया गया है इसी प्रकार एंडोरी में पानी की टंकी भी बनाने की घोषणा की थी परंतु आज तक



वहां टंकी नहीं बनाई गई। गोहद नगर की प्यास बुझाने वाला एकमात्र बैसली डैम है जो गर्मियों में सूख जाता है उसका गहरीकरण आज तक नहीं हुआ अधिकारी कर्मचारी अप डाउन करते हैं। उन पर रोक नहीं लगाई गई गोहद में कई प्रकार की जटिल समस्या है उनका निराकरण आज तक नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि पूर्व व वर्तमान जनप्रतिनिधियों ने गोहद को चारागाह बना रखा है। आम आदमी पार्टी का यहां से विधायक चुना जाएगा तो वह 24 घंटे जनता की सेवा में उपस्थित। उन्होंने पूर्व जनप्रतिनिधियों पर आरोप लगाते हुए कहा कि यहां से जो भी जनप्रतिनिधि चुनाव जीतते हैं वह गोहद की धरती को भूल जाते हैं और वह ग्वालियर बस जाते हैं। हमारी पार्टी का जो भी विधायक बनेगा वह चौबीसों घंटे गोहद में ही रहेगा। पार्टी जिस प्रकार दिल्ली में पानी और बिजली फ्री दे रही है उसी प्रकार यहां पर भी पार्टी की सरकार बनती है तो हम लोगों को बिजली पानी फ्री में देंगे। इसके साथ ही हम स्टांप पेपर पर लोगों को गारंटी भी देंगे। प्रेस वार्ता में राजकुमार राजावत, पूरन सिंह नागर (रिटायर्ड फौजी) संभावित प्रत्याशी आम आदमी पार्टी, अभिलाष सिंह कुशवाह, अरुण गुर्जर, मुंशी सिंह यादव, पार्षद पुत्र जितेंद्र प्रजापति, कमलेश यादव, महेश शर्मा आदि उपस्थित थे।

# 51 दिवसीय माता पिता सम्मान संकल्प भारत यात्रा मुंबई के जुहू चौपाटी पहुंची ।

संस्कार सेना के संरक्षक अंतर्राष्ट्रीय आयुर्वेदाचार्य डॉ प्रकाश इंडियन टाटा मुंबई के मार्गदर्शन में जुहू चौपाटी पर मंगेश भाई ब्रजकिशोर टाटा सहित अनेक गणमान्य हस्तियों ने यात्रा का स्वागत किया वहीं बॉलीवुड फ्ल्मि निदेशक श्री केतन आनंद साहब एवं दूरदर्शन के सबसे ज्यादा लोकप्रिय टीवी सीरियल रामायण में लक्ष्मण की भूमिका निभाने वाले सुनील लहरी जी 200 से अधिक फिल्में एवं अनेकों सीरियलों में एक से बढ़कर एक भूमिका निभाने वालीसुप्रसिद्ध फिल्म स्टार शशि शर्मा जी ऐवं अप्पू की उलटन पलटन में अप्पू की भूमिका निभाने वाले अरुणव टाटा सहित अनेक हस्तियों से संस्कार सेना के संस्थापक हरभजन जांगड़े राष्ट्रीय सचिव अलका धुर्वे मीडिया प्रभारी मिश्रीलाल कोहरे भगवान सिंह मीणा सहित संस्कार सेना की टीम ने मुलाकात कर संस्कार सेना के माता-पिता सम्मान संकल्प यात्रा के बारे में चर्चा की तो सभी ने संस्कार सेना की सराहना करते हुए यात्रा का समर्थन किया एवं युवा पीढ़ी को अपना संदेश भी दिया

# बिलासपुर पुलिस द्वारा गुम हुए 160 मोबाईल किमती लगभग 21 लाख रूपये बरामद कर संबंधीतो को सौपने चलाया अर्पण अभियान।

बिलासपुर पुलिस द्वारा गुम हुए 160 मोबाईल किमती लगभग 21 लाख रूपये बरामद कर संबंधीतो को सौपने चलाया अर्पण अभियान।

बिलासपुर। जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रो में प्राप्त मोबाईल गुमने की शिकायत को गम्भीरता से लेते हुये पुलिस अधीक्षक बिलासपुर संतोष कुमार सिंह द्वारा प्राप्त शिकायतों के आधार पर गुमे हुये मोबाईल के प्रार्थीयो की सुची तैयार कर तलाश करने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) राजेन्द्र कुमार जायसवाल एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामिण) राहुल देव शर्मा एवं नगर पुलिस अधीक्षक संदीप पटेल (भा.पु.से.) के निर्देशन में निरीक्षक धर्मेन्द्र वैषणव प्रभारी ए.सी.सी.यु. बिलासपुर द्वारा फील्ड के तकनिकी जानकारी के आधार पर खोजबीन अभियान चलाकर बिलासपुर शहर एवं बिलासपुर जिले की सीमा से सटे जिलों से कुल 160 नग मोबाईल विधिवत अभियान चलाकर 01 मार्च 2023 से अब तक बरामद किया गया, कुल 500 शिकायतो की जांच की गई जिसमें से कई मोबाईल राज्य के दूरस्थ जिलों एवं अन्य प्रदेशो में सक्रिय पाये गये जिनके विरूद्ध पृथक से अभियान चलाकर बरामदगी कर मोबाईल स्वामियो को लौटाने की प्रक्रिया जारी रहेगी।मोबाईल प्राप्त करने वालो में आवेदक दुषयंत साहू, श्रीमती नम्रता कौशिक, योगेन्द्र सिंह, सलीम भार्गव, मुकुल केंवट, राजेन्द्र धुरी, अंकित चैंबे, अमरीका कुर्रे, चित्रलेखा, परिवेश श्रीवास्तव, विरेन्द्र कुमार सेन, अरूंधती साहू एवं अन्य कुल 160 लोग उपस्थित रहे।कार्यक्रम के दौरान सायबर एक्सपर्ट उप निरीक्षक प्रभाकर तिवारी द्वारा वर्तमान में प्रचलित सायबर ठगी के नये प्रारूप सेक्सटार्सन (वीडियो कॉलिंग के माध्यम से), वॉट्सएप की डी.पी. बदलकर ठगी करने, बिटकॉईन, टुरिजम प्लॉन के नाम पर, कस्टमर केयर के नाम पर, ऑन लाईन लोन एप व अन्य तरीको से किये जाने वाले अद्यतन ठगी के बारे में जानकारी एवं बचने के उपाय साझा किये गये।इस अभियान को सफल बनाने एवं गुम हुए मोबाईलो को उनके मालिको को लौटाने के अभियान में ए.सी.सी.यु. बिलासपुर के निरीक्षक धर्मेन्द्र वैषणव, उप निरीक्षक प्रभाकर तिवारी, अजय वारे प्र.आर. देवमुन पुहुप, बलबीर सिहं, आरक्षक तरूण केशरवानी, दीपक उपाध्याय, विरेन्द्र गंधर्व, निखील रॉव, प्रशांत सिह, प्रशांत राठौर, सत्या पाटले, सरफराज खान, विकास राम, मुकेश वर्मा, सतीश भारद्वाज, नवीन एक्का, दीपक यादव, सकुन्तला साहु व ए.सी.सी.यु. की सम्पुर्ण टीम की महत्वपुर्ण भुमिका रही।

# 51 दिवसीय माता पिता सम्मान संकल्प भारत यात्रा मुंबई के जुहू चौपाटी पहुंची ।

संस्कार सेना के संरक्षक अंतर्राष्ट्रीय आयुर्वेदाचार्य डॉ प्रकाश इंडियन टाटा मुंबई के मार्गदर्शन में जुहू चौपाटी पर मंगेश भाई ब्रजकिशोर टाटा सहित अनेक गणमान्य हस्तियों ने यात्रा का स्वागत किया वहीं बॉलीवुड फ्ल्मि निदेशक श्री केतन आनंद साहब एवं दूरदर्शन के सबसे ज्यादा लोकप्रिय टीवी सीरियल रामायण में लक्ष्मण की भूमिका निभाने वाले सुनील लहरी जी 200 से अधिक फिल्में एवं अनेकों सीरियलों में एक से बढ़कर एक भूमिका निभाने वालीसुप्रसिद्ध फिल्म स्टार शशि शर्मा जी ऐवं अप्पू की उलटन पलटन में अप्पू की भूमिका निभाने वाले अरुणव टाटा सहित अनेक हस्तियों से संस्कार सेना के संस्थापक हरभजन जांगड़े राष्ट्रीय सचिव अलका धुर्वे मीडिया प्रभारी मिश्रीलाल कोहरे भगवान सिंह मीणा सहित संस्कार सेना की टीम ने मुलाकात कर संस्कार सेना के माता-पिता सम्मान संकल्प यात्रा के बारे में चर्चा की तो सभी ने संस्कार सेना की सराहना करते हुए यात्रा का समर्थन किया एवं युवा पीढ़ी को अपना संदेश भी दिया

# नशे में धुत होकर इंटिमेट सीन करती थी ये एक्ट्रेस



नायरा बनर्जी तेलुगू, तमिल, मलयालम और हिंदी फिल्मों में काम कर चुकी हैं. उनके करियर की शुरुआत साउथ फिल्म इंडस्ट्री से हुई थी लेकिन हिंदी फिल्मों में भी उनका नाम चर्चा में रहा है. खासतौर पर साल 2016 में आई वन नाइट स्टैण्ड में उनके काम ने खूब सुर्खियां बटोरी थीं. दरअसल नायरा ने इस फिल्म में काफी बोल्ड सीन दिए थे. इन सीन्स की वजह से उनका नाम चर्चा में रहा था...हालांकि ये सीन शूट करना उनके लिए बिल्कुल भी आसान नहीं था. नायरा ने जब बोल्ड सीन शूट करने से जुड़े अपने एक्सपीरियंस शेयर किए तो लोग हैरान रह गए कि उन्हें स्क्रीन पर कंफर्टेबल दिखने के लिए ये सब करना पड़ा.नायारा ने बताया कि फिल्म में उन्हें इंटिमेट सीन करने थे. सीन सुनते वक्त तो उन्हें सब कुछ नॉर्मल ही लगा लेकिन जब शूटिंग की बारी आई तो वे नर्वस हो गईं. उन्हें पूरी क्रू के सामने बोल्ड सीन देने और वो एक्सप्रेशन और मूड लाने में दिक्कत आने लगी. नायरा अपनी नर्वसनेस से परेशान होने लगीं. उन्हें समझ नहीं आ रहा था कि कौनसी तरकीब अपनाई जाए कि सीन भी ओके हो जाए और वह कंफर्टेबल भी रहें. काफी दिमाग चलाने के बाद उन्हें शराब की याद आई.जी हां सुनने में अटपटा जरूर लग रहा होगा लेकिन नायरा ने वाकई इंटिमेट सीन्स के दौरान नर्वस ना दिखने के लिए शराब का सहारा लिया था. उन्होंने बताया कि इन सीन की शूटिंग से पहले वह शराब पीती थीं और उसी के नशे में शूटिंग शुरू करती थीं. इसके बाद उनके दिमाग से वो खयाल निकल जाते थे जो उन्हें पहले आते थे. वह सेट पर मौजूद लोगों की वजह से तो अनकंफर्टेबल होती ही थीं उन्हें यह भी डर रहता था कि मां उन्हें घर से ना निकाल दें.इस घबराहट से बचने के लिए नायरा ने नशे का सहारा लिया और शूटिंग पूरी होने के बाद क्रू मेंबर उनका नशा उतारने के लिए नींबू पानी दिया करते थे. जरा सोचिए क्या सीन है....शूटिंग के लिए एक्ट्रेस टल्ली और फिर होश में आने के लिए नींबू पानी का डोज।

# संस्कारों को सींचने से खिलेगा बचपन



पिछले कुछ दिनों में कई ऐसी खबरें आयीं जो बहुत कुछ सोचने को मजबूर करती हैं। ये बता रही हैं कि देश की भावी पीढ़ी यानी हमारे बच्चे जिन स्थितियों से गुजर रहे हैं वह चिंता पैदा करने वाली हैं। ये खबरें बच्चों के बीच बढ़ती हिंसक प्रवृत्ति को बयां कर रही हैं। उदाहरण के तौर पर दिल्ली के एक स्कूल में कुछ छात्रों ने मिलकर शिक्षक को चाकू से गोद दिया क्योंकि शिक्षक ने उन्हें यूनिफार्म के लिए डांटा था।

इसी तरह साउथ दिल्ली में 15 साल के दो लड़कों ने मोबाइल के लिए 18 साल के एक लड़के की चाकू से गोदकर हत्या कर दी। गाजियाबाद में तेरह साल के बच्चे ने छह साल की एक बच्ची की ईंटों के वार कर हत्या कर दी। ये खबरें सवाल उठा रही हैं। ऐसी वारदातों के स्रोत पर सोचने को मजबूर कर रही। आखिर एक बच्चे के कोमल मन में हिंसा जैसे क्रूर विचार कैसे आ रहे, कहां से आ रहे। जवाब एकदम साफ है- अपने घर से, स्कूल से, पास-पड़ोस से। नैसर्गिकता से दूर लालन-पोषण के पूरे कृत्रिम परिवेश से। शिक्षा के यंत्रवत तरीके और भौतिकवाद से उपजी जीवनशैली से।


आज हमारे बच्चे पूरी तरह टीवी, मोबाइल, लैपटॉप और विभिन्न उपकरणों से सजी कृत्रिम दुनिया में जीते हैं। घर-घर में बच्चों के हाथ में मोबाइल फोन है जिस पर हर तरह की हिंसा ,रील्स, वीडियो गेम्स फ़िल्म की शक्ल में मौजूद हैं। जहां मनोरंजन के नाम पर वल्गरिटी परोसी जा रही है। बच्चा किसी भी समय मोबाइल में उपलब्ध वयस्क कन्टेंट या क्राइम थ्रिलर देख सकता है।

दलील दी जा रही कि यह दुनिया तर्क, विज्ञान व सूचनाओं पर आधारित है। लेकिन सच मानें तो इस दुनिया में बस कल्पनाविहीन सृजनात्मकता पर जोर है। या यूं कहें कि होड़ है। जबकि सृजन के मोती तो कल्पना के सागर से निकलते हैं। ऐसे में इस दुनिया का स्वाभाविक हश्र ही है कि यहां भावनाएं विकसित करने की संभावनाएं भी दिनोदिन क्षीण हो रही हैं। हर दिन कुछ ऐसा हो रहा है जो हमारी मरती संवेदनशीलता का परिचायक है। तो फिर यहां जीने वालों से संवेदनशील रहने की अपेक्षा कैसे करें।

बच्चों की दुनिया में कहीं कोई नैसर्गिकता नहीं है। उसके आसपास कोमल भावनाएं जगाने वाले जीव-जंतुओं, पेड़-पौधों, नदी, पहाड़ों, झरनों, परिवार और साथ खेलने वाले बच्चों की कमी है। जबकि रवींद्रनाथ टैगोर कहते थे कि बच्चों का सम्पूर्ण मानसिक और शारीरिक विकास प्रकृति की गोद में ही संभव है। इस कथन के पीछे बच्चों के मन में भावनाएं और नैतिकता का भाव भरने का विचार छिपा था। एक बालक प्रकृति से उदारता-कोमलता सीखता है।

पारिवारिक परिवेश में आये बदलावों का भी बच्चों पर बुरा असर पड़ रहा है। पहले के समय बच्चों पर मां-बाप की कड़ी निगरानी होती थी। उनका अधिकतर समय परिवार के सदस्यों के साथ बीतता था। पिता या दादा का डर होता था। उन्हें प्यार भी भरपूर मिलता था और गलती करने पर डांट भी। बच्चों के हिंसक होने की एक और वजह आधुनिक जीवन शैली है। निरंतर छोटे होते परिवार, मां-बाप दोनों का वर्किंग होना, पैसे का रुतबा दिखाना, समाज से कटाव और बढ़ता अकेलापन जैसी कई वजहें हैं जो बच्चों को गलत दिशा में मोड़ने का काम करती हैं। हिंसा किसी भी रूप में बच्चे में प्रवेश कर सकती है। फिर वही हिंसा उसमें उत्तेजना भरती है और उसे समाज विरोधी कार्य करने के लिए प्रेरित करती है। फिर भी यह हताश होने का नहीं बल्कि संभलने का वक्त है। अभी भी वक्त है कि हम अपने बच्चों की परवरिश कर उन्हें तेज दिमाग वाला रोबोट बनाने की बजाय संवेदनशील इंसान बनाएं।

# स्वागत है तुम्हारा क्रूज़ क्रांति आस्था की कोई न रहे भ्रांति




गंगा-विलास पोत 51 दिन की अपनी यात्रा भारत के 5 राज्यों और बांग्लादेश में कुल 3200 किलोमीटर जलमार्ग से तय करेगा व नदियों के किनारे स्थित 50 पर्यटन स्थलों के दर्शन करायेगा। पांच-सितारा सुविधाओं वाले इस क्रूज़ का किराया लाखों में है, इसके बावजूद इसकी बुकिंग के लिए विदेशी पर्यटकों में होड़ है। दुनिया का सबसे लंबा रिवर-क्रूज़ देश का गौरव भी है। देश के नदी जलमार्गों व पर्यटन विकास योजनाओं से जुड़ा यह बड़ा कदम है लेकिन इसके पर्यावरण और सांस्कृतिक प्रभाव के पहलुओं पर सवाल भी संबोधित किये जाने जरूरी हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बीती 13 जनवरी को जिस 'एमवी गंगा-विलास' को हरी झंडी दिखाकर दुनिया की सबसे लंबी नदी-क्रूज यात्रा की शुरुआत की थी, उसे अपनी यात्रा के तीसरे दिन ही नकारात्मक खबरों का सामना करना पड़ा। 16 जनवरी को दिनभर इस आशय की खबरें छाई रहीं कि वाराणसी से चला 'क्रूज' बिहार के छपरा में पानी उथला होने के कारण फंस गया। पूर्व-निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार उसे वहां किनारे लगना था। सैलानियों को छपरा से 11 किमी दूर डोरीगंज बाजार के पास चिरांद के पुरातात्विक स्थलों का दौरा करना था। यह खबर पूरी तरह सच साबित नहीं हुई। वास्तव में छपरा में किसी समस्या का सामना हुआ भी होगा, तो वह अल्पकालिक थी, क्योंकि यह पोत अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आगे बढ़ गया। सरकार की ओर से जारी वक्तव्य में कहा गया कि यात्रा के दौरान जलस्तर बनाए रखा गया और यात्रा अपने कार्यक्रम के अनुसार चली। अलबत्ता डोरीगंज में पोत को किनारे लगाने के बजाय जब यात्रियों को नावों की मदद से उतारकर किनारे लाया गया, तो पोत के फंसने की खबर किसी ने दौड़ा दी। संभव है कि पोत के चालक दल को लगा हो कि किनारे पर पानी ज्यादा नहीं है, इसलिए धारा के बीच में ही पोत को बनाए रखा जाए। पर इसे फंसना तो नहीं कहा जा सकता है। यात्रा में यह अप्रत्याशित व्यवधान था या नहीं, इसे लेकर कई प्रकार की राय हो सकती हैं, पर उसके पहले ही पर्यावरण, पर्यटन के सांस्कृतिक-दुष्प्रभाव और इसके कारोबार को लेकर तमाम सवाल उठाए जा रहे थे। दुनिया के सबसे लंबे रिवर-क्रूज़ के रूप में प्रचारित इस यात्रा के साथ देश की प्रतिष्ठा भी जुड़ी हुई है। देश के नदी जलमार्गों को विकसित करने की योजना से जुड़ी यह एक लंबी छलांग है। पर इसे स्वीकृति दिलाने में समय लगेगा। इस यात्रा के तमाम सकारात्मक पक्ष हैं, पर इस किस्म के व्यवधान ठीक नहीं हैं। बहरहाल, पहले इस कार्यक्रम और उसके साथ जुड़े दूसरी बातों पर विचार करें। यात्रा शुरू होने के पहले ही इसे लेकर कई तरह की अफवाहें चलने लगी थीं। मसलन पांच-सितारा सुविधाओं का मतलब है कि इसमें मांसाहार और शराब परोसने की व्यवस्था होगी। गंगा की पवित्र-धारा के साथ यह मेल नहीं खाएगा। कुछ लोगों ने कहा कि इसका मलमूत्र गंगा की पवित्र-धारा में बहाया जाएगा। बहरहाल आधिकारिक सूचना के अनुसार इसमें केवल शाकाहारी भोजन और गैर एल्कोहॉलिक-पेय ही परोसे जाएंगे। इसमें अपना सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट और वॉटर फिल्टरेशन सिस्टम है, जो पानी को फिल्टर कर उसे साफ कर सकता है। यानी मलमूत्र और गंदे पानी की समस्या नहीं है। क्रूज़ में 18 सुईट के अलावा स्पा सेंटर, रेस्तरां, जिम, हॉल सहित कई अन्य सुविधाएं हैं। इन 18 सुईट में 36 पर्यटक और 40 क्रू-सदस्य रह सकते है। इसमें तीन डैक हैं और सनबाथ के लिए क्रूज़ की छत पर व्यवस्था की गई है। पांच-सितारा लक्ज़री सुविधाओं वाले इस क्रूज़ का किराया लाखों में है, बावजूद इसकी बुकिंग के लिए विदेशी पर्यटकों की होड़ है। सीट हासिल करने वाले ज्यादातर पर्यटक अमेरिका और यूरोप से हैं। इस क्रूज़ ने भारत और बांग्लादेश को रिवर-क्रूज़ लाइन के नक्शे पर जोड़ दिया है। 51 दिन की अपनी यात्रा में गंगा-विलास 3200 किलोमीटर के जलमार्ग को नापेगा। ऐसा करते हुए वह 27 नदी-प्रणालियों और 50 पर्यटन स्थलों से होकर गुजरेगा। पांच राज्यों और बांग्लादेश की 51 दिन की यात्रा के लिए एक सुईट यानी दो यात्रियों का किराया करीब 50-55 लाख रुपये होगा। इतनी ऊंची कीमत के बावजूद इस क्रूज पर सफर करने की मंशा रखने वाले लोगों को एक साल से अधिक समय तक इंतजार करना होगा। यह क्रूज मार्च 2024 तक पहले ही बुक हो चुका है। सवाल है कि इतने महंगे क्रूज़ की कीमत क्या हमारे देश के लोग वहन कर सकेंगे? हो सकता है कि कुछ लोग वहन कर भी लें, पर वस्तुतः यह विदेशियों को आकर्षित करने के लिए है। भारत के लोगों के लिए सस्ते और छोटे विकल्प भी सामने आएंगे। यह क्रूज़ 2020 में शुरू होना था, पर महामारी के चलते कार्यक्रम तीन साल बाद शुरू हुआ है। रिवर-क्रूज़िंग यूरोप में बड़ा लोकप्रिय-कार्यक्रम है। डैन्यूब, राइन और सीन नदियों पर तमाम कंपनियों के क्रूज़ चलते हैं। 2014 में भारत सरकार ने स्वच्छ गंगा के राष्ट्रीय मिशन की शुरुआत की थी, जिसे नमामि गंगे परियोजना भी कहा जाता है। इसके पीछे जलमार्गों के व्यावसायिक उपयोग का विचार भी है। समुद्री-क्रूज़ के कार्यक्रम तो काफी लंबे चलते हैं। दुनिया का सबसे लंबा क्रूज़ 2019 में लंदन से चला था, जिसमें 245 दिन की ट्रिप थी। यह क्रूज़ छह महाद्वीपों से होकर गुजरा। अपनी लंबी यात्रा में गंगा-विलास क्रूज विश्व धरोहर स्थलों, राष्ट्रीय उद्यानों, नदी घाटों और बिहार में पटना, झारखंड में साहिबगंज, पश्चिम बंगाल में कोलकाता, बांग्लादेश में ढाका और असम में गुवाहाटी जैसे प्रमुख शहरों सहित 50 पर्यटन स्थलों से होकर गुजरेगा। यात्री बिहार योग विद्यालय और विक्रमशिला विश्वविद्यालय भी जाएंगे। यह पोत 62 मीटर लंबा और 12 मीटर चौड़ा है और आराम से 1.4 मीटर के ड्राफ्ट के साथ चलता है। सभी 18 सुईट में बड़ी-बड़ी खिड़कियां हैं, जहां से नदी का विहंगम दृश्य देखा जा सकता है। इस क्रूज़ को शुरू करने के पीछे सबसे बड़ा उद्देश्य दुनिया के पर्यटकों को यह बताना है कि भारत महत्वपूर्ण पर्यटन-स्थल है। हमारे यहां भी यूरोपियन-स्टैंडर्ड की सुविधाएं उपलब्ध हैं। तीसरे इसके मार्फत हम अपने पुराने जलमार्गों को फिर से चालू करेंगे, जिससे न केवल यात्री, बल्कि माल-परिवहन का एक रास्ता खुलेगा, जो सड़क, हवाई और रेल-परिवहन से सस्ता और पर्यावरण-मुखी होगा। नदियों के दोनों किनारों पर बसे शहरों और पर्यटन-स्थलों के इन्फ्रास्ट्रक्चर का भी इसके साथ विकास होगा और स्थानीय कला-संस्कृति को बढ़ावा मिलेगा।

पर्यावरण पर असर किसी भी नई परियोजना के साथ उसके दुष्प्रभावों की जांच करना भी जरूरी है। गंगा-विलास के साथ उसके संभावित-दुष्प्रभाव भी हैं। इन दुष्प्रभावों पर ब्रिटेन के गार्डियन अखबार की एक रिपोर्ट के अनुसार, पर्यावरण और प्रकृति के संरक्षण से जुड़े लोगों का कहना है कि गंगा नदी पर बड़े स्तर पर क्रूज़ शुरू करने के कार्यक्रम से डॉल्फिन (प्लेटैंटिस्टा गैंगेटिका) जैसे जल-जीवों पर खतरा पैदा हो जाएगा। वाराणसी से 30 किलोमीटर आगे गंगा और गोमती के संगम पर पानी काफी गहरा है और वहां जलधारा का बहाव धीमा है। इस वजह से डॉल्फिनों के लिए वह सुरक्षित क्षेत्र बन गया है। पिछले अक्तूबर महीने में वन्य-जीवन विभाग के अधिकारियों का अनुमान था कि यहां 35 से 39 डॉल्फिन हैं। इस क्रूज़ के रास्ते पर बिहार में विक्रमशिला गंगा डॉल्फिन संरक्षण क्षेत्र भी है। प्लेटैंटिस्टा गैंगेटिका दक्षिण एशिया में मीठे पानी में रहने वाली डॉल्फिनों की दो प्रजातियों में एक है। इनके अलावा एक और प्रजाति प्लेटैंटिस्टा माइनर या सिंधु नदी की डॉल्फिन है, जो पाकिस्तान में पाई जाती है। डॉल्फिन के सामने जल-प्रदूषण, पानी की कमी और अवैध शिकार जैसे अनेक खतरे हैं। गार्डियन की रिपोर्ट में रवींद्र कुमार सिन्हा को उद्धृत किया गया है, जिनके प्रयासों से नब्बे के दशक में भारत सरकार ने गंगा की डॉल्फिनों को प्रोटेक्टेड स्पीसीज़ में शामिल किया था। संरक्षण उपायों के कारण हाल के वर्षों में उनकी संख्या बढ़ी है। पानी की गुणवत्ता में सुधार और संरक्षण के दूसरे प्रयासों के कारण गंगा नदी में उनकी संख्या करीब 3200 और ब्रह्मपुत्र नदी में 500 के आसपास हो गई है। अब रवींद्र कुमार सिन्हा के डर की वजह है कि पर्यटन को बढ़ावा मिलने से इन डॉल्फिनों की जान पर न बन आए और उनकी परिणति भी बाइजी डॉल्फिनों जैसी न हो जाए, जिन्हें यांग्सी नदी पर यातायात बढ़ने के बाद 2006 में विलुप्त प्राणी घोषित कर दिया गया। केंद्र सरकार ने 18 मई 2009 को गंगा डॉल्फिन को भारत का राष्ट्रीय जलीय जीव घोषित किया था। गंगा नदी में पाई जाने वाली गंगा डॉल्फिन वस्तुतः नेत्रहीन जलीय जीव है जिसकी घ्राण शक्ति अत्यंत तीव्र होती है। विलुप्तप्राय इस जीव पर संकट का मुख्य कारण गंगा का बढ़ता प्रदूषण, बांधों का निर्माण एवं शिकार है। इनका शिकार मुख्यतः तेल के लिए किया जाता है, जिसे अन्य मछलियों को पकड़ने के लिए चारे के रूप में प्रयोग किया जाता है। इस समय उत्तर प्रदेश के नरोरा और बिहार के पटना साहिब के बहुत थोड़े से क्षेत्र में गंगा डॉल्फिन बची हैं। बिहार और उत्तर प्रदेश में इसे %सोंस% जबकि आसमिया भाषा में %शिहू% के नाम से जाना जाता है। यह इकोलोकेशन (प्रतिध्वनि निर्धारण) और सूंघने की अपार क्षमताओं से अपना शिकार और भोजन तलाशती है। यह मछली नहीं, दरअसल एक स्तनधारी जीव है। डॉल्फिन के संरक्षण के लिए सम्राट अशोक ने सदियों पूर्व कदम उठाए थे। केंद्र सरकार ने 1972 के भारतीय वन्य जीव संरक्षण कानून के दायरे में भी गंगा डॉल्फिन को शामिल किया था। बेंगलुरु स्थित इंडियन इंस्टीट्यूट फॉर ह्यूमन सैटलमेंट्स के इकोहाइड्रोलॉजिस्ट जगदीश कृष्?णास्?वामी का कहना है कि क्रूज़, कार्गो नौकाओं और मिकेनाइज्ड नौकाओं का ट्रैफिक बढ़ने पर पानी के भीतर ध्वनि-प्रदूषण का स्तर बढ़ेगा, जिसके कारण इन डॉल्फिनों की इकोलोकेशन (प्रतिध्वनि निर्धारण) क्षमता पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा और उनका जीना मुश्किल हो जाएगा। जलमार्ग को सुचारु बनाने के इरादे से नदी की गहराई बढ़ाने के लिए होने वाले ड्रैजिंग के कारण पैदा होने वाली तरंगें भी इनके लिए खतरनाक साबित हो सकती हैं। भारत में अंतर्देशीय जलमार्गों का एक विशाल नेटवर्क है जिसमें नदी निकाय, नहरें, बैकवॉटर और खाड़ियां शामिल हैं। अलबत्ता दुनिया के दूसरे देशों की तुलना में हमारे अंतर्देशीय जलमार्गों का उपयोग कम हुआ है। राष्ट्रीय जलमार्ग अधिनियम ने पहले घोषित पांच राष्ट्रीय जलमार्गों के लिए 106 अतिरिक्त राष्ट्रीय जलमार्ग प्रस्तावित किए। भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण इनका संचालन करता है। सरकार देश में परिवहन के एक वैकल्पिक साधन के रूप में अंतर्देशीय जलमार्गों का विकास करने के लिए प्रयासरत है, जो सड़क एवं रेल परिवहन दोनों ही के मुकाबले कहीं ज्यादा स्वच्छ एवं किफायती है। इस समय देश में 111 राष्?ट्रीय जलमार्ग हैं। वर्ष 2016 में 106 जलमार्गों को राष्ट्रीय जलमार्ग घोषित करने के बाद 5 मौजूदा राष्ट्रीय जलमार्गों की सूची में इनको शामिल करने से ही राष्ट्रीय जलमार्गों की संख्या बढ़ गई है। भारत में कोलकाता और वाराणसी के बीच आठ नदी क्रूज जहाज चल रहे हैं। राष्ट्रीय जलमार्ग-2 (ब्रह्मपुत्र) पर 10 यात्री टर्मिनलों का निर्माण चल रहा है, जो नदी क्रूज की संभावना को और मजबूत करेगा। एनडब्लू-1 यानी गंगा और एनडब्लू-2 यानी ब्रह्मपुत्र नदी मार्ग पर कुल मिलाकर करीब 100 क्रूज़ संचालित होते हैं। सरकार इन्हें दस गुना बढ़ाकर करीब 1000 तक लाना चाहती है। पर्यावरण-संरक्षण से जुड़े लोगों का कहना है कि इसके साथ बड़े जोखिम जुड़े हैं। 2019 में वाराणसी में गंगा पर करीब सात किलोमीटर लंबे कछुओं के एक संरक्षण-क्षेत्र को डी-नोटिफाई किया गया था, ताकि जलमार्ग का विकास किया जा सके। एक तरफ 'ईज़ ऑफ डूइंग बिजनेस' कार्यक्रम है और दूसरी तरफ पर्यावरण-संरक्षण की चुनौती। इन क्रूज़-यात्राओं का संचालन निजी कंपनियां करेंगी, पर काम अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण के नियंत्रण और निर्देशन में ही होगा। प्राधिकरण का कहना है कि पर्यावरणीय अध्ययन करने के बाद ही कोई योजना बनाई जाती है। ड्रैजिंग वगैरह के दुष्प्रभाव इतने नहीं हैं कि इन प्राणियों के अस्तित्व का संकट पैदा हो। ड्रैजिंग के समय ये प्राणी खुद उस जगह से दूर चले जाते हैं। पर पर्यावरणविद कहते हैं कि समुद्र की तरह नदियों में ज्यादा जगह नहीं होती है और डॉल्फिनों को ड्रैजिंग के समय बचकर निकलने में दिक्कतें पेश आती हैं।

# नौकरियों की बहार




पिछले पूरे वर्ष नौकरी की तैयारी करने के बाद अगर साल की शुरुआत में ही मनपसंद नौकरी मिल जाये तो फिर सारी मेहनत वसूल हो जाती है। फरवरी यानी बसंत के आरंभ वाला यह माह, अपने साथ एक बार फिर से लाया है सरकारी नौकरियों की नयी बहार। आइये जानें कुछ नये अवसरों के बारे में।

भारत सरकार के विज्ञान एवं तकनीकी विभाग के अंतर्गत आने वाले इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ एस्ट्रोफिजिक्स ने मैकेनिक, टेक्निकल असिस्टेंट, इंजीनियर, जूनियर रिसर्च असिस्टेंट और हॉर्टिकल्चर असिस्टेंट के पदों पर रिक्तियों को भरने के लिए आवेदन मंगाये हैं। कुल 15 वैकेंसी हैं जिनको 20 फरवरी 2023 तक आवेदन के लिए खुला रखा जाएगा। आवेदन, संस्थान की वेबसाइट 222.द्वद्वड्डश्च.ह्द्दह्य.द्वठ्ठ पर किया जा सकता है। संबंधित क्षेत्र में योग्यता रखनेवाले इच्छुक अभ्यर्थी विस्तृत जानकारी के लिए भी इस वेबसाइट का संदर्भ ले सकते हैं। उम्मीदवारों का चयन लिखित परीक्षा, स्किल टेस्ट और साक्षात्कार के जरिये होगा।

इंटीग्रल रेल कोच फैक्टरी, चेन्नई ने क्लर्क एवं टेक्निशियन पदों पर भर्तियां निकाली हैं। विशेष बात है कि इन भर्तियों के लिए कोई लिखित परीक्षा नहीं होगी, केवल स्पोर्ट्स ट्रायल एवं इंटरव्यू के माध्यम से उम्मीदवारों का चयन किया जाएगा। ये भर्तियां स्पोर्ट्स कोटा के अंतर्गत की जा रही हैं। जारी नोटिफिकेशन के अनुसार, सीनियर क्लर्क, जूनियर क्लर्क एवं टेक्निशियन ग्रेड 3 की भर्ती निकाली गई है। पदों के लिए 7 फरवरी 2023 तक आवेदन जमा किया जा सकता है। आवेदन के लिए अधिकृत वेबसाइट श्चड्ड.द्बष्द्घ.द्द्श1.द्बठ्ठ से आवेदन पत्र डाउनलोड करके उसे निर्धारित प्रारूप में भरकर संस्थान के पते पर भेजना होगा। शैक्षिक योग्यता दसवीं, बारहवीं है।

ओडिशा स्टाफ सिलेक्शन बोर्ड ने एक भर्ती अधिसूचना जारी की है, जिसके अनुसार राज्य में 189 रिक्त पद पर भर्ती की जाएगी। इच्छुक उम्मीदवार आधिकारिक साइट श्द्बह्यड्ढ.द्द्श1.द्बठ्ठ पर जाकर आवेदन कर सकेंगे। भर्ती के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 24 फरवरी 2023 है जबकि आवेदन प्रक्रिया 27 जनवरी से शुरू हो चुकी है। इन भर्तियों के माध्यम से स्टाफ नर्स सहित कुल 189 पद पर भर्ती होगी। आवेदन करने वाले उम्मीदवार को मान्यता प्राप्त बोर्ड से 12वीं के साथ संबंधित विषय में डिप्लोमा किया हुआ होना चाहिए। बोर्ड की वेबसाइट पर अधिक जानकारी के लिए विजिट किया जा सकता है। आयुसीमा 21 से 38 साल के बीच है जिसमें आरक्षित वर्ग के उम्मीदवारों को नियमानुसार आयु सीमा में छूट मिलेगी।

इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड ने जीएम, मैनेजर, इलेक्ट्रिकल, ओएचई समेत विभिन्न पदों के लिए नोटिफिकेशन जारी किया है। वॉकइन इंटरव्यू जारी हैं, संबंधित फील्ड्स में योग्यता रखनेवाले इच्छुक अभ्यर्थी 6 फरवरी तक वॉकइन इंटरव्यू के लिए उपस्थित हो सकते हैं। आवेदन करने से पहले रिक्त पदों के बारे में सभी जानकारियां संस्थान की वेबसाइट द्बह्म्ष्शठ्ठ.शह्द्द पर जाकर अवश्य देख लें। आयुसीमा 30-50 वर्ष है। शैक्षिक योग्यताएं किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में 60त्न अंकों से ग्रेजुएशन समेत पदों के अनुसार भिन्न-भिन्न हैं। वेतनमान पदों के अनुसार 25000-80000 रुपये तक का है। भारतीय जीवन बीमा निगम ने 9394 अपरेंटिस डेवलपमेंट ऑफिसर के पदों पर भर्ती के लिए अधिसूचना जारी की है। पदों पर भर्ती के लिए आवेदन प्रक्रिया 21 जनवरी 2023 से शुरू हो चुकी है। इच्छुक उम्मीदवार 10 फरवरी 2023 तक जीवन बीमा निगम की ऑफिशियल वेबसाइट पर जा कर ऑनलाइन आवेदन जमा कर सकते हैं। उम्मीदवारों को स्नातक होना अनिवार्य है और उम्मीदवार की आयु 30 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। न्यूनतम आयु सीमा 21 वर्ष है। अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों को 100 रुपये का सूचना शुल्क (जीएसटी सहित) और अन्य उम्मीदवारों को 750/- रुपये (जीएसटी सहित) का आवेदन शुल्क देना होगा।

# घर का सोफा हो गया है गंदा? तो ऐसे कर लें साफ



आजकल अधिकतर घरों में सोफा सेट रखा जाता है. क्योंकि ये न सिर्फ आरामदायक होते हैं, बल्कि घर का लुक भी बदल डालते हैं. हालांकि जब ये गंदे हो जाते हैं तो इन्हें घर में रखने में शर्म आने लगती है. कुछ लोग सोफे की गंदगी को छिपाने के लिए चादर का इस्तेमाल भी करते हैं. लेकिन अगर हम आपसे कहें कि आपका सोफा फिर से नया जैसा हो सकता है, वो भी घरेलू चीजों की मदद से, तो शायद आप चौंक जाएंगे. लेकिन यह सच हो सकता है. क्योंकि हमारे पास एक ऐसा नुस्खा है, जिसका इस्तेमाल करके आप अपने सोफे को फिर से नए जैसा बना पाएंगे.आजकल ज्यादातर घरों में फैब्रिक वाले सोफे का इस्तेमाल किया जा रहा है. क्योंकि ये दिखने में काफी सुंदर होते हैं और कमरें को भी अट्रैक्टिव लुक देते हैं. बैठने में भी आरामदायक होते हैं. हालांकि इनकी सफाई करना एक टेढ़ी खीर होता है. अगर आपके पास भी फैब्रिक वाला सोफा है, जिसपर गंदगी जमी हुई है तो चिंता न करें. बस कुछ आसान टिप्स को फॉलो करें.साबुन से बनाएं घोलफैब्रिक वाले सोफे की सफाई के लिए आपको सबसे पहले नहाने वाले साबुन का कम से कम 5 चम्मच चूरा लेना होगा. इसके बाद आपको एक कप में गर्म पानी लेना होगा और उसमें साबुन का चूरन डालना होगा. साबुन का चूरन मिलाने के बाद इसे मिलाकर एक घोल तैयार कर लें. फिर इस घोल में दो चम्मच अनोनिया या फिर सुहागा डालें. ये सब हो जाने के बाद घोल को ठंडा कर लें. फिर इस घोल में स्पंज या किसी कपड़े को डालकर भिगोएं और इससे गंदे सोफे को साफ कर लें।

# शाहिद कपूर के साथ एक्शन-कॉमेडी में नजर आएंगी रश्मिका मंदाना

## अनीस बज्मी संभालेंगे निर्देशन की कमान

दक्षिण भारतीय सिनेमा की मशहूर अभिनेत्री रश्मिका मंदाना पुष्पा- द राइज की सफलता के बाद से काफी लोकप्रिय हो गई हैं और हिंदी फिल्म निर्माताओं के लिए पहली पसंद बनती जा रही हैं। अभिनेत्री ने पिछले साल ही अमिताभ बच्चन के साथ गुडबाय से बॉलीवुड में कदम रखा था और अब उनके पास कई सारी हिंदी फिल्में हैं। अब हालिया रिपोर्ट्स के अनुसार, रश्मिका शाहिद कपूर के साथ एक एक्शन-कॉमेडी में नजर आने वाली हैं, जिसका निर्देशन अनीस बज्मी करेंगे। एक रिपोर्ट के अनुसार, अनीस के निर्देशन में बन यह फिल्म एकता कपूर और दिल राजू द्वारा निर्मित होगी, जिसमें पहली बार रश्मिका और शाहिद की जोड़ी बनने जा रही है। इस फिल्म के बारे में सूत्र ने बताया कि रश्मिका के साथ एकता और राजू दोनों गुडबाय और वरिसु में पहले काम कर चुके हैं। ऐसे में और उनका मानना है कि वह स्वाभाविक रूप से इस फिल्म के लिए सबसे सही साबित होंगी।दोहरी भूमिका निभाएंगे शाहिद?रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि इस एक्शन-कॉमेडी में शाहिद दोहरी भूमिका में नजर आएंगे। जानकारी के मुताबिक, इस अनटाइटल्ड फिल्म की कहानी काफी मजेदार होगी और इसमें भरपूर एक्शन देखने को मिलेगा। साथ ही अभिनेता की दोहरी भूमिका इसे और भी मजेदार बना देगी, जिसको लेकर प्रशंसक भी उत्सुक हैं। कहा जा रहा है कि अनीस ने स्क्रिप्ट लगभग पूरी कर ली है और अगले महीने प्री-प्रोडक्शन शुरू होगा। फिल्म



अगस्त में फ्लोर पर आ सकती है। पहले भी शाहिद के साथ काम करने की आई थी खबरेंरश्मिका और शाहिद के साथ में काम करने की खबरें 2019 में भी आई थीं। उस दौरान कहा जा रहा था कि वह अभिनेता के साथ जर्सी के हिंदी रीमेक में नजर आ सकती हैं। हालांकि, रश्मिका की जगह इस फिल्म में मृणाल ठाकुर की शाहिद के साथ जोड़ी बनी थी। अब शाहिद और रश्मिका के पहली बार पर्दे पर साथ आने की खबरें सामने आने के बाद से ही प्रशंसक काफी खुश हो गए हैं। इन बॉलीवुड फिल्मों का हिस्सा हैं रश्मिकारश्मिका को पिछले कुछ महीनों में कई बॉलीवुड फिल्मों की पेशकश की गई है। वह गुडबाय के अलावा सिद्धार्थ मल्होत्रा के साथ मिशन मजनू में दिखाई दी थीं और अब वह रणबीर कपूर के साथ संदीप रेड्डी वंगा की एनिमल में नजर आने वाली हैं। इसके अलावा रश्मिका दिनेश विजान के ऐतिहासिक महाकाव्य छावा का भी हिस्सा हो सकती हैं, जिसमें वह विक्की कौशल के साथ नजर आएंगी। हालांकि, अभी इस फिल्म को लेकर आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है। शाहिद की आगामी फिल्मेंशाहिद रॉय कपूर फिल्म्स के साथ रोशन एंड्रयूज की फिल्म में पूजा हेगड़े के साथ नजर आने वाले हैं। यह मलयालम थ्रिलर फिल्म मुंबई पुलिस का हिंदी रीमेक है। इसके बाद शाहिद के पास अली अब्बास जफर की ब्लडी डैडी है, जो 9 जून को रिलीज होने वाली है। इसके अलावा वह कृति सैनन के साथ दिनेश विजान की एक अनटाइटल्ड फिल्म का हिस्सा हैं, जिसका पोस्टर जारी हो चुका है। यह फिल्म इस साल अक्टूबर में रिलीज होगी।

# उर्वशी रौतेला के हाथ लगी करण जौहर की फिल्म, पहली बार धर्मा प्रोडक्शंस संग करेंगी काम

उर्वशी रौतेला बॉलीवुड की उन अभिनेत्रियों में शुमार हैं, जो आए दिन किसी न किसी वजह से सुर्खियों में बनी रहती हैं। हाल ही में अभिनेत्री ने अपने नए प्रोजेक्ट से जुड़ी जानकारी साझा की है, जिसके बाद से प्रशंसक काफी उत्सुक हो गए हैं। दरअसल, उर्वशी जल्द ही करण जौहर के साथ पहली बार काम करने जा रही हैं। अभिनेत्री ने सोशल मीडिया पर पोस्ट साझा कर इस नई शुरुआत के बारे में प्रशंसकों को बताया है। उर्वशी ने इंस्टाग्राम पर फूलों के गुलदस्ते की तस्वीर साझा करते हुए बताया है कि वह करण के धर्मा प्रोडक्शंस के साथ कुछ बहुत ही रोमांचक चीज की शूटिंग कर रही हैं। यह अभिनेत्री का धर्मा प्रोडक्शंस के साथ पहला सहयोग है और अभी इसके बारे में अधिक जानकारी सामने नहीं आई है। हालांकि, अभिनेत्री की इस पोस्ट के बाद से प्रशंसक फिल्म के बारे में अधिक जानकारी सामने आने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। प्रशंसक दे रहे अभिनेत्री को बधाईउर्वशी को



धर्मा के साथ काम करने की जानकारी मिलने के बाद से ही उनके पोस्ट पर प्रशंसक उन्हें बधाई दे रहे हैं। एक ने लिखा, आपके लिए बहुत खुश हूं, बहुत-बहुत बधाई तो दूसरे ने लिखा, आपको आने वाली सभी फिल्मों के लिए शुभकामनाएं, आगे भी आपको ऐसे ही सफलता मिलती रहे। एक अन्य ने लिखा, आप इस बात का अंदाजा भी नहीं लगा सकती कि हम आपके लिए कितने खुश हैं। अब इंतजार नहीं होता। इन फिल्मों में नजर आएंगी उर्वशीउर्वशी जल्द ही फिल्म 365 में नजर आए अभिनेता मिशेल मोरोन के साथ हॉलीवुड में डेब्यू कर सकती हैं। इसके अलावा वह संपत नंदी की ब्लैक रोज और राम पोथिनेनी के साथ एक फिल्म में नजर आएंगी। वह रणदीप हुड्डा के साथ एक भी एक फिल्म का हिस्सा हैं। हाल ही में अभिनेत्री जेसन डेरुलो के साथ एक म्यूजिक वीडियो में काम किया है, जो भी जल्द ही रिलीज होने के लिए तैयार है। ऐसा रहा फिल्मी सफरउर्वशी के फिल्मी सफर की बात करें तो उन्होंने 2013 में सिंह साहब द ग्रेट से बॉलीवुड में कदम रखा था। इसके बाद वह भाग जॉनी, सनम रे, ग्रेट ग्रैंड मस्ती, पागलपंती, हेट स्टोरी 4, दिल है ग्रे सहित कई फिल्मों का हिस्सा रहीं। बता दें कि उर्वशी इकलौती ऐसी भारतीय महिला हैं, जिन्होंने 2 बार मिस यूनिवर्स का खिताब अपने नाम किया है। पहले वह 2012 में मिस यूनिवर्स बनीं तो 2015 में भी ताज उनके सिर सजा था। न्यूजबाइट्स प्लसकरण जल्द 7 साल बाद निर्देशक के तौर पर रॉकी और रानी की प्रेम कहानी से वापसी करने जा रहे हैं। 28 जुलाई को सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली इस फिल्म में रणवीर सिंह और आलिया भट्ट मुख्य भूमिका में नजर आएंगे।

# किशोर कुमार की बायोपिक में नजर आएंगे रणबीर कपूर

रणबीर कपूर इन दिनों अपनी आगामी फिल्म तू झूठी मैं मक्कार का प्रमोशन कर रहे हैं। कुछ दिन पहले खबर आई थी कि रणबीर भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली बायोपिक में नजर आएंगे। वह कोलकाता के इडेन गार्डेन में गांगुली के साथ क्रिकेट खेलते हुए भी नजर आए हैं। अब उन्होंने इन खबरों का खंडन किया है। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि वह महान गायक किशोर कुमार की बायोपिक पर काम कर रहे हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार रणबीर ने कहा कि किशोर की बायोपिक पर पिछले 11 साल से काम चल रहा है। लोकप्रिय फिल्ममेकर अनुराग बसु इस फिल्म पर काम कर रहे हैं। रणबीर ने कहा, मैं किशोर कुमार की बायोपिक में पिछले 11 साल से काम कर रहा हूं। हम अनुराग बसु के साथ इसे लिख रहे हैं और मुझे उम्मीद है कि यही मेरी अगली बायोपिक होगी। रणबीर और अनुराग ने पिछली बार 2012 में बर्फी में काम किया था। हाल ही में रणबीर तू झूठी मैं मक्कार के प्रमोशन के लिए कोलकाता पहुंचे। यहां उन्होंने गांगुली की बायोपिक की खबरों पर भी प्रतिक्रिया दी। इन खबरों का खंडन करते हुए उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि दादा (गांगुली) पर बन रही यह बायोपिक बहुत खास होगी। हालांकि, दुर्भाग्य से मुझे ये फिल्म ऑफर नहीं हुई है। मुझे लगता है कि लव फिल्म्स के निर्माता अभी भी पटकथा लिख रहे हैं। इससे पहले रणबीर ने संजय दत्त की बायोपिक संजू में अभिनेता का किरदार निभा चुके हैं। यह फिल्म 2018 में आई थी। फिल्म में संजय के हावभाव को उन्होंने हूबहू पर्दे पर उतारा था, जिसके लिए उन्हें खूब प्रशंसा मिली थी। उन्होंने संजय के अलग-अलग उम्र के पड़ावों को बेहतरीन तरीके से निभाया था। इसके बाद रणबीर की किसी भी बायोपिक से उनसे प्रशंसकों और समीक्षकों की उम्मीदें दोगुनी होंगी। रणबीर पिछली बार फिल्म ब्रह्मास्त्र में नजर आए थे। उनकी फिल्म तू झूठी मैं मक्कार 8 मार्च को रिलीज होने वाली है। इस फिल्म के कई गाने रिलीज हो चुके हैं। इस फिल्म में उनके साथ श्रद्धा कपूर मुख्य भूमिका में हैं। इसके अलावा वह संदीप रेड्डी वांगा की फिल्म एनिमल का हिस्सा हैं। इस फिल्म में उनके साथ अनिल कपूर और रश्मिका मंदाना नजर आएंगी। रणबीर की यह फिल्म इस साल अगस्त में रिलीज होगी।






# क्या ऋषभ शेट्टी के साथ कांतारा 2 में दिखेंगे नवाजुद्दीन सिद्दीकी?

पिछले साल आई कन्नड़ फिल्म कांतारा की अब तक चर्चा होती है। ऋषभ शेट्टी की इस फिल्म की हर ओर तारीफ हुई थी और अब प्रशंसक इसके सीक्वल का इंतजार कर रहे हैं। पिछले साल जब नवाजुद्दीन सिद्दीकी ने ऋषभ के साथ कुछ तस्वीरें शेयर की थीं तो कयास लग रहे थे कि कांतारा 2 में नवाज नजर आ सकते हैं। अब नवाज ने इस साझेदारी की संभावनाओं पर बात की है। उन्होंने ऋषभ संग दोस्ती पर भी बात की। पिछले साल कांतारा की टीम से मिले थे नवाजपिछले साल दिसंबर में नवाज ने ऋषभ और कांतारा की टीम से मुलाकात की थी। इस मुलाकात की तस्वीरें साझा करते हुए उन्हें लिखा था, ऋषभ शेट्टी, प्रमोद शेट्टी और टीम कांतारा के साथ मेरे घर पर मुलाकात करना अद्भुत था। ऋषभ और मेरे बीच कई बातें समान हैं, जिन पर हम लंबी बातें कर सकते हैं। ऋषभ से मुलाकात पर बात पर नवाज ने बताया, ऋषभ और उनके दोस्त थिएटर में काफी काम करते हैं। खास बात यह है कि हमारे गुरु एक ही हैं। हम एक-दूसरे को पहले से जानते हैं। हम पहले भी बात कर चुके हैं, इसलिए जब वह यहां आए तो वह मेरे यहां आए और हमने काफी बातें कीं। अच्छी बात ये है कि वह अब भी थिएटर से जुड़े हुए हैं, अपनी जड़ों से जुड़े हुए हैं। कांतारा 2 पर यह बोले नवाजनवाज और ऋषभ की मुलाकात के बाद कयास लग रहे थे कि वह कांतारा 2 से जुड़ सकते हैं। क्या इस प्रोजेक्ट के बारे में भी दोनों के बीच कोई बातचीत हुई है? इस पर नवाज ने कहा, इस बारे में मैं अभी कुछ नहीं कह सकता, लेकिन हम उम्मीद कर सकते हैं। मैं उनके साथ क्यों काम नहीं करना चाहूंगा? वह एक बेहतरीन अभिनेता, निर्देशक हैं। उनकी पूरी टीम काफी प्रतिभाशाली है। कांतारा को बॉक्स ऑफिस पर मिली थी शानदार सफलता16 करोड़ रुपये के बजट में बनी कांतारा ने बॉक्स ऑफिस पर लगभग 450 करोड़ रुपये कमाए थे। यह फिल्म नेटफ्लिक्स पर मौजूद है। फिल्म में ऋषभ ने शिवा नाम के एक युवक का किरदार निभाया, जिसका परिवार पीढ़ियों से जंगल के देवता की पूजा-अनुष्ठान करता आया है। कांतारा 2 की शूटिंग जल्द शुरू होने वाली है। फिल्म में रजनीकांत के होने की भी चर्चा है। उधर, नवाज इन दिनों फिल्म जोगी रा सारा रारा का प्रमोशन कर रहे हैं।

# शाहरुख खान के साथ शुरू होगा कॉफी विद करण 8

## साउथ के सितारे भी बनेंगे हिस्सा

करण जौहर अपनी फिल्मों के अलावा चैट शो कॉफी विद करण को लेकर भी सुर्खियों में बने रहते हैं। शो में मनोरंजन जगत से जुड़े सितारे हिस्सा लेते हैं और अपनी फिल्मों के साथ ही निजी जिंदगी को लेकर बातें करते नजर आते हैं। हाल ही में कॉफी विद करण 8 से जुड़ा अपडेट सामने आया है। कहा जा रहा है कि शो का नया सीजन अगस्त या सितंबर में शाहरुख खान के साथ वापसी करने के लिए तैयार है। रिपोर्ट के अनुसार, कॉफी विद करण 8 से शाहरुख शो पर वापसी के लिए तैयार हैं। किंग खान चैट शो में आने वाले सीजन के पहले अतिथि बन सकते हैं। शाहरुख शो में न सिर्फ अपनी फिल्म पठान की ब्लॉकबस्टर सफलता पर बात करते नजर आएंगे बल्कि वह अपनी आने



वाली फिल्म डंकी और जवान के बारे में भी बात करेंगे। बता दें कि शाहरुख सीजन 5 में आलिया भट्ट के साथ शो में नजर आए थे।शो के 8वें सीजन में साउथ के सितारों के भी शिरकत करने की जानकारी सामने आ रही है। रिपोर्ट्स के अनुसार, शाहरुख के अलावा यश, अल्लू अर्जुन और ऋषभ शेट्टी के शो में शामिल होने की उम्मीद है। कहा जा रहा है कि यश अपनी पत्नी राधिका पंडित और अल्लू अपनी पत्नी स्नेहा रेड्डी के साथ शो का हिस्सा बनेंगे। अगर ऐसा होता है, तो चैट शो का हिस्सा बनने वाली ये साउथ सिनेमा की पहली जोड़ियां होंगी। कॉफी विद करण 8 में इस बार पिछले सीजन से बहुत कुछ अलग होने वाला है। शो में नए सेगमेंट जोड़े जाएंगे ताकि सितारों के साथ दर्शकों का मनोरंजन भी ज्यादा हो। इसके साथ ही सजावट में भी पूरी तरह से बदलाव किया जाएगा। करण के चैट शो कॉफी विद करण का पहला सीजन 19 नवंबर, 2004 को आया था। पहले एपिसोड में शाहरुख और काजोल अतिथि बनकर आए थे। पहला सीजन 27 मई, 2005 तक चला था। इसके बाद करण 2007, 2010, 2013, 2016 और 2018 में अपने शो के नए सीजन के साथ हाजिर होते रहे हैं। इस शो का आखिरी सीजन 7 टीवी पर न आकर पहली बार ओटीटी प्लेटफॉर्म डिज्नी+ हॉटस्टार पर आया था। करण की बात करें तो वह 7 साल बाद रॉकी और रानी की प्रेम कहानी के साथ निर्देशन में वापसी कर रहे हैं, जो 28 जुलाई को रिलीज होगी।

# अजय देवगन के साथ विकास बहल की सुपरनैचुरल थ्रिलर में नजर आएंगे आर माधवन

बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन बीते दिनों अपनी फिल्म भोला को लेकर चर्चा में रहे थे, जिसे दर्शकों की ओर से मिली-जुली प्रतिक्रिया मिली थी। अब वह एक सुपरनैचुरल थ्रिलर फिल्म में नजर आने वाले हैं। उन्होंने निर्देशक विकास बहल के साथ इस फिल्म के लिए हाथ मिलाया है, जो पैनोरमा स्टूडियो के सहयोग से बनेगी। इस फिल्म में अजय के साथ आर माधवन भी नजर आएंगे और यह दोनों अभिनेताओं की साथ में पहली फिल्म होगी। जल्द शुरू होगी शूटिंगट्रेड एक्सपर्ट तरण आदर्श ने ट्वीट कर माधवन के अजय की फिल्म में शामिल होने की जानकारी दी है। उन्होंने लिखा, अजय की सुपरनैचुरल थ्रिलर फिल्म में माधवन शामिल हो गए हैं। विकास की सुपरनैचुरल थ्रिलर में दोनों पहली बार साथ नजर आएंगे और अभी इस फिल्म का नाम नहीं रखा गया है। आदर्श के मुताबिक, फिल्म की



शूटिंग अगले महीने शुरू हो जाएगी और इसका ज्यादातर हिस्सा मुंबई, मसूरी और लंदन में शूट होगा। रिपोर्ट्स के मुताबिक, अजय की यह फिल्म वश नाम की गुजराती फिल्म का हिंदी रीमेक होगी। इस अनटाइटल्ड फिल्म को पैनोरमा स्टूडियोज के बैनर तले अजय, कुमार मंगत पाठक और अभिषेक पाठक द्वारा निर्मित किया जा रहा है।के मुताबिक, फिल्म निर्माताओं ने अभी किसी अभिनेत्री को फिल्म के लिए कास्ट नहीं किया है और फिलहाल कुछ नामों पर विचार किया जा रहा है। फिल्म का प्री-प्रोडक्शन शुरू हो गया है और जल्द कागजी प्रक्रिया भी पूरी की जाएगी। पहले भी इस जॉनर में काम कर चुके हैं अजयअजय पहले भी सुपरनैचुरल थ्रिलर जॉनर में काम कर चुके हैं। वह 2003 में उर्मिला मातोंडकर के साथ भूत में नजर आए थे, जिसका निर्देशन राम गोपाल वर्मा ने किया था। इस फिल्म को लोगों ने भी पसंद किया था। इसके अलावा अजय 2005 में आई फिल्म काल का हिस्सा रहे थे। अब वह करीब 18 साल बाद एक बार फिर लोगों को डराने आ रहे हैं। ऐसे में दर्शक भी फिल्म को लेकर काफी उत्सुक हैं। अजय की आगामी फिल्मेंअजय जल्द ही मैदान में नजर आने वाले हैं, जो भारतीय फुटबॉल के स्वर्णिम वर्षों पर आधारित है। इसका निर्देशन अमित रविंद्रनाथ शर्मा ने किया है और यह 23 जून को रिलीज होगी। इसके अलावा वह रोहित शेट्टी के कॉप यूनिवर्स की फिल्म सिंघम अगेन को लेकर भी चर्चा में हैं, जिसमें उनके साथ दीपिका पादुकोण लेडी सिंघम के किरदार में नजर आएंगी। हाल ही में खबरें आई थीं करीना कपूर भी इस फिल्म का हिस्सा रहेंगी।

# अक्षय की कैप्सूल गिल का नाम बदलकर हुआ द ग्रेट इंडियन रेस्क्यू, इसी साल होगी रिलीज

अक्षय कुमार बॉलीवुड के उन सितारों में शामिल हैं, जिनकी सालभर में कई फिल्में रिलीज होती हैं। अभिनेता की पिछली कुछ फिल्में बॉक्स ऑफिस पर असफल साबित हुई थीं, लेकिन प्रशंसक उनकी आगामी फिल्मों का इंतजार कर रहे हैं। अब अभिनेता 1989 में एक खदान में हुई सच्ची घटना पर आधारित फिल्म लेकर आ रहे हैं, जिसे कैप्सूल गिल कहा जा रहा था। हालांकि, अब फिल्म के नाम को बदलकर द ग्रेट इंडियन रेस्क्यू रख दिया गया है। सूत्र के अनुसार, फिल्म के निर्माताओं ने इसका नाम कैप्सूल गिल से बदलकर अब द ग्रेट इंडियन रेस्क्यू इसलिए रखा है क्योंकि उन्हें लगता है कि यह नाम फिल्म की कहानी के साथ ज्यादा न्याय करता है। साथ ही उनका मानना है कि इस नाम में दम है। सूत्र ने कहा, यह फिल्म एक अविश्वसनीय वास्तविक रेस्क्यू मिशन पर आधारित है और ऐसे में द ग्रेट इंडियन रेस्क्यू से बेहतर नाम क्या ही हो सकता है। कब होगी रिलीज?द ग्रेट



इंडियन रेस्क्यू इस साल सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। सूत्र का कहना है कि सेल्फी के बाद अक्षय की इस साल की अगली रिलीज द ग्रेट इंडियन रेस्क्यू हो सकती है। हालांकि, अभिनेता की सोरारई पोटरु की रीमेक 1 सितंबर को रिलीज के लिए तैयार है, जिसका पोस्टर भी जारी हो चुका है। अब यह देखना होगा कि कौन-सी फिल्म पहले सिनेमाघरों में दस्तक देती है। यह है फिल्म की कहानीद ग्रेट इंडियन रेस्क्यू पूर्व एडिशनल चीफ माइनिंग इंजीनियर जसवंत सिंह गिल पर आधारित है, जिन्होंने 1989 में पश्चिम बंगाल के रानीगंज में एक बाढ़ वाली कोयला खदान में फंसे 65 श्रमिकों की जान बचाई थी। इस रेस्क्यू ऑपरेशन को भारत के इतिहास के सबसे बड़े ऑपरेशन में से माना जाता है। फिल्म की शूटिंग पिछले साल यॉर्कशायर में हुई थी, जिसमें अक्षय पगड़ी वाले लुक में नजर आ रहे हैं। उनके लुक को लोगों ने भी पसंद किया था। अक्षय के साथ परिणीति आएंगी नजरअक्षय के साथ द ग्रेट इंडियन रेस्क्यू में परिणीति चोपड़ा नजर आएंगी। पूजा एंटरटेनमेंट द्वारा निर्मित इस फिल्म का निर्देशन टीनू सुरेश देसाई ने किया है। बता दें कि अक्षय और टीनू इससे पहले 2016 के कोर्टरूम ड्रामा रुस्तम में साथ काम कर चुके हैं। इसके अलावा अक्षय बड़े मियां छोटे मियां को लेकर चर्चा में हैं, जिसमें वह टाइगर श्रॉफ के साथ नजर आएंगे। अली अब्बास जफर के निर्देशन में बनी फिल्म ईद 2024 पर रिलीज हो सकती है।

# शराब कारोबारी के फार्म हाउस पर चौकीदार की हत्या, आरोपी फरार, एसपी ने दिये कड़े निर्देश

डबरा में शराब ठेकेदार के फार्म हाउस पर देर शाम को चौकीदार की हत्या कर दी गई मामले की गंभीरता को देखते हुए फॉरेंसिक टीम के साथ ग्वालियर पुलिस अधीक्षक भी घटनास्थल पर पहुंचे और पुलिस को मामले को शीघ्र हल करने के निर्देश दिए।

**यह है पूरा मामला**–आपको बता दें कि शराब कारोबारी हरी बाबू शिवहरे का ब्रिजपुर रोड पर फार्म हाउस है जिस पर शंकर करण पिछ्ले 20 वर्षो से चौकीदारी का कार्य करता था। आज शाम अचानक उनके बेट को सूचना मिली कि किसी ने उसके पिताजी हत्या कर दी है तो वह और पुलिस दोनों ही तत्काल फार्म हाउस पर पहुंची।जहां मृतक का शव पडा हुआ था उसके चेहरे पर मच्छरदानी लिपटाकर पत्थरों से चोट पहुंचाई गई थी। शव की हालत देख कर लग रहा है कि पत्थरों और किसी घातक हथियार से चोट पहुंचाकर उसकी हत्या की गई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल एसडीओपी डबरा विवेक शर्मा, थाना प्रभारी केपी यादव मौके पर पहुंचे और तफ्तीश प्रारंभ की तत्काल ग्वालियर से फॉरेंसिक टीम को भी बुलाया गया तो थोड़ी देर बाद ग्वालियर पुलिस अधीक्षक राजेश चंदेल भी मौके पर पहुंच गए। उन्होंने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया प्रथम दृष्टया मामला हत्या का नजर आ रहा था हत्या किसने और क्यों कि यह अभी स्पष्ट नहीं है पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।



**कमरे से जेवरात भी है गायब**–पिता से अलग डबरा गांव में रह रहे पुत्र अनिल करण ने बताया सूचना मिली कि पिताजी के साथ कोई घटना घटित हुई है मौके पर आकर देखा तो वह मृत पड़े हुए थे मां 2 दिन से यहां नहीं रह रही थी और चेक किया तो माँ और मेरी पत्नी के जेवरात गायब है। अनिल ने पुलिस प्रशासन पर सवाल खड़े करते हुए कहा कि पूर्व में पिताजी पर हमला हो चुका है पर पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की थी तो काफी समय पूर्व भाई की भी यही संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो चुकी है।ग्वालियर पुलिस अधीक्षक राजेश चंदेल जी का कहना है कि चौकीदार की हत्या की गई है घटनास्थल का निरीक्षण किया है ग्वालियर से फॉरेंसिक टीम पहुंची है बारीकी से जांच की जा रही है।शीघ्र ही आरोपी गिरफ्तार कर लिए जाएंगे।लेकिन कहीं ना कहीं पुलिस प्रशासन पर सवाल खड़े हो रहे हैं क्योंकि बीते दिनों भी डबरा में एक महिला के साथ दुष्कर्म कर हत्या का मामला सामने आया था जिसके बाद पुलिस प्रशासन कर क्या रहा है क्योंकि निरंतर ऐसी वारदातें हो रही हैं। मानों ऐसा लग रहा है कि अपराधियों में पुलिस का खौफ ही खत्म हो गया हो।

## ग्वालियर का छावनी क्षेत्र मुरार सिविल एरिया घोषित होगा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर को दिया आश्वासन

**ग्वालियर** के लोगों को जल्दी ही खुशखबरी मिलने वाली है, छावनी क्षेत्र मुरार के निवासियों की उम्मीदें जल्द ही परवान च?ेंगीं। केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने केंदीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर को, छावनी क्षेत्र मुरार को सिविल एरिया घोषित करने के संबंध में ठोस आश्वासन दिया है।इस सिलसिले में केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर के साथ प्रदेश के उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) भारत सिंह कुशवाह ने बीते रोज नई दिल्ली में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात की थी। सिविल एरिया घोषित होने पर छावनी क्षेत्र की बस्तियों में मूलभूत सुविधाओं के विस्तार के साथ-साथ यहाॅ के निवासियों को सरकार की विभिन्न



योजनाओं का लाभ मिल सकेगा।रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भेंट के दौरान भरोसा दिलाया कि छावनी क्षेत्र मुरार को शीघ्र ही सिविल एरिया घोषित किया जायेगा। यह कार्यवाही अंतिम चरण में हैं। केंद्रीय मंत्री तोमर एवं प्रदेश के राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार कुशवाह ने रक्षा मंत्री से आग्रह किया था कि छावनी क्षेत्र को सिविल एरिया घोषित करने की मांग लम्बे समय से चली आ रही है।उन्होंने रक्षा मंत्री को यह जानकारी भी दी कि छावनी क्षेत्र मुरार की सीमा एवं उसके भीतर स्थित पॉलीगोन का सीमांकन कार्य किया जा चुका है। राजस्व रिकॉर्ड 1940 के आधार पर संयुक्त सर्वे दल द्वारा यह कार्य पूर्ण कर प्रधान निदेशक रक्षा संपदा रक्षा मंत्रालय दक्षिण कमान पुणे को रिपोर्ट भेजी जा चुकी है। श्री कुशवाह ने इस कार्य को जल्द से जल्द स्वीकृति दिलाकर गजट नोटिफिकेशन कराने का आग्रह किया।

## शासकीय कमला राजा कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में परिवहन विभाग ने लगाया निशुल्क लर्निंग लाइसेंस शिविर






**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक**
**पुष्पांजली टुडे**

**ग्वालियर**– शहर के शासकीय कमला राजा कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में परिवहन विभाग द्वारा निःशुल्क लर्निंग लाइसेंस शिविर का आयोजन किया गया।इस अवसर पर आर.टी.ओ ऑफिसर श्री एच के सिंह सहित उनकी पूरी टीम ने कुल 487 छात्राओं के निःशुल्क लर्निंग लाइसेंस बनाए।इसके साथ ही ग्वालियर आरटीओ ने छात्राओं को परिवहन विभाग के सारथी एप पर स्वयं ही लर्निंग लाइसेंस बनाने की प्रक्रिया बताई।इसके साथ ही छात्राओं को वाहन चलाने में लायसेंस की आवश्यकता की भी जानकारी दी गई।सभी छात्राओं ने कहा कि वह भविष्य में कभी भी बिना लाइसेंस के वाहन नहीं चलाएंगी।यह कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.एम.आर कौशल संरक्षण में एवं राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डॉ.वीणा शुक्ला एवं क्रीड़ा अधिकारी डॉ मनोहर कटारिया के मार्गदर्शन में संचालित किया गया।राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयं सेविकाओं द्वारा कार्यक्रम में व्यवस्था बनाए रखने में महत्वपूर्ण सहयोग किया।।

## ग्वालियर पुलिस ने धोखाधडी व 05 चैक बाउंस के मामले में 06 साल से फरार दो हजार रूपये के इनामी आरोपी को जम्मू से किया गिरफ्तार

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**ग्वालियर।** पुलिस अधीक्षक ग्वालियर श्री राजेश सिंह चंदेल,भापुसे के निर्देश पर ग्वालियर जिले में फरारी व ईनामी बदमाशों की धरपकड हेतु प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। ग्वालियर पुलिस को जरिये मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि विश्वविद्यालय के अप0क्र0 110/2013, 274/2021 धारा 420,467,471,34 भादवि में 06 वर्ष से फरार दो हजार रूपये का इनामी ग्रेटर कैलाश, जम्मू में छिपा हुआ है। उक्त सूचना पर एसपी ग्वालियर द्वारा अति0 पुलिस अधीक्षक शहर (पूर्व/अपराध) श्री राजेश डण्डोतिया को उक्त फरारी ईनामी की गिरफ्तारी हेतु क्राईम ब्रांच व थाना विश्वविद्यालय पुलिस की टीम बनाकर कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशों के परिपालन में सीएसपी लश्कर/डीएसपी अपराध षिया? के.एम.,भापुसे, डीएसपी अपराध द्वितीय श्री संदीप मालवीय एंव सीएसपी विश्वविद्यालय रत्नेश सिंह तोमर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी क्राईम ब्रांच निरी0 अमरसिंह सिकरवार व थाना प्रभारी विश्वविद्यालय निरी0 मनीष धाकड के नेतृत्व में क्राइम ब्रांच व थाना विश्वविद्यालय की संयुक्त टीम को मुखबिर के बताये स्थान ग्रेटर कैलाश, जम्मू में कार्यवाही करने हेतु भेजा गया। पुलिस टीम द्वारा जम्मू में ग्रेटर कैलाश के आस पास के इलाके में उक्त आरोपी के बारे में पूछताछ करने पर पता चला कि आरोपी एक मकान में रह रहा है। जिसे पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर पकड लिया गया। पकडा गया आरोपी थाना विश्वविद्यालय में धोखाधडी के प्रकरण में 2018 से फरार चल रहा था। जिसकी गिरफ्तारी पर पुलिस अधीक्षक ग्वालियर द्वारा 02 हजार रूपये का ईनाम घोषित किया गया। टीम द्वारा पक? गये इनामी आरोपी को जम्मू से लाकर थाना विश्वविद्यालय पुलिस के सुपुर्द किया गया। थाना विश्वविद्यालय पुलिस द्वारा उक्त आरोपी को अप0क्र0 110/2013, 274/2021 धारा 420,467,471,34 भादवि के प्रकरण में गिरफ्तार किया जाकर प्रकरण के संबंध में पूछताछ की जा रही है। पकडे गये आरोपी के खिलाफ थाना विश्वविद्यालय में धोखाधडी, चैक बाउंस के मामले पंजीबद्ध है। जिसमें माननीय न्यायालय द्वारा आरोपी के खिलाफ 04 स्थाई व 01 गिरफ्तारी वारंट जारी किये गये थे। जिसकी पुलिस टीम द्वारा लगातार तलाश की जा रही थी।

**सराहनीय भूमिका**:– थाना प्रभारी क्राईम ब्रांच निरी0 अमर सिंह सिकरवार, थाना प्रभारी विश्वविद्यालय निरी0 मनीष धाकड मुख्य भूमिका- सउनि0 दिनेश सिंह तोमर, प्र.आर. मनोज एस.आर0 योगेन्द्र सिंह, मनोज भारद्धाज, थाना विश्वविद्यालय टीम - उनि0 ब्रहमानंद शर्मा, आर0 कपिल पाठक, जैनेन्द्र सिंह गुर्जर, सोनू प्रजापति की सराहनीय भूमिका रही है।

**नारी सम्मान योजना के फार्म भरवाने के लिये लगेंगे कैम्प**

## विधायक डॉ. सिकरवार के नेतृत्व में हुई बैठक हुई

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**ग्वालियर।** 16 ग्वालियर पूर्व विधानसभा क्षेत्र में नारी सम्मान योजना के फार्म भरवाने के लिये आज विधायक डॉ. सतीश सिकरवार के नेतृत्व में बंधन गार्डन में आज एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक की शुरूआत में विधायक डॉ. सतीश सिकरवार एवं अतिथियों द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर उनके चित्र पर पु?प अर्पित कर श्रृद्धांजलि अर्पित की गई। बैठक में कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर पर कैम्प लगाकर फार्म भरवाने के सबंध चर्चा की गई तथा कार्यकर्ताओं को दायित्व सौंपे गये। बैठक में मुख्य रूप से शहर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष डॉ. देवेन्द्र शर्मा, प्रदेश प्रवक्ता राम पाण्डे, जिला संगठन मंत्री सुरेन्द्र यादव, एम.आई.सी. सदस्य अवधेश कौरव, ब्लॉक अध्यक्ष विनोद जैन, देवेन्द्र चौहान, महादेव अपोरिया, अनूप शिवहरे, श्रीमती वीणा भारद्वाज, सीमा समाधिया मंचासीन रहे।



'हाथ से हाथ जोड़ो' पद यात्राः-ग्वालियर। आज 16 ग्वालियर पूर्व विधानसभा के मेला ग्राउण्ड ब्लॉक में शाम 5 बजे वार्ड 22 के डबल हाथरस रेसटोरन्ट थाठीपुर चौराहा पर कांग्रेस कार्यकर्ता एकत्रित हुये, यहां से विधायक डॉ. सतीश सिकरवार के नेतृत्व में 'हाथ से हाथ जोडो' पद यात्रा शुरू की। कांग्रेस कार्यकर्ता पार्टी के झंडे हाथों में लेकर चल रहे थे। पद यात्रा डबल हाथरस रेस्टोरेन्ट थाठीपुर चौराहा से शुरू होकर मधुवन कॉलोनी, नेहरू कॉलोनी, न्यू नेहरू कॉलोनी, गोदाम बस्ती अन्य सभी गलियों में घर-घर पहुंची और जनता से सीधे संपर्क किया। इस दौरान विधायक डॉ. सिकरवार का पुष्पहार पहनाकर क्षेत्रीय नागरिकों ने जगह-जगह आत्मीय स्वागत किया। 'हाथ से हाथ जोडो' पद यात्रा में दौरान विधायक डॉ. सिकरवार के साथ प्रदेश प्रवक्ता राम पाण्डे, एम.आई.सी. सदस्य अवधेश कौरव, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष प्रेमसिंह दादा, ब्लॉक अध्यक्ष विनोद जैन, देवेन्द्र चौहान, महादेव अपोरिया, पार्षद केदार बरहादिया, प्रमोद खरे, श्रीमती वीणा भारद्वाज, सीमा समाधिया, डॉ. कमलेश इंदौरिया, जसवंत शेजवार, आदित्य सेंगर, सुधीर मण्डेलिया, प्रीति शर्मा, कुंती सगर, पंचम भदौरिया आदि मौजूद रहे।

## जनशक्ति वेलफेयर सोसाइटी का एक सराहनीय प्रयास समाजसेवी अरुणेश सिंह भदोरिया



**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**ग्वालियर।** कल रात्रि हमारी सोसाइटी में रहने वाले राम दुबे जोकि अपोलो हॉस्पिटल में अपना इलाज करा रहे हैं उनको प्लाज्मा की आवश्यकता पड़ी मेरे पास फोन आया कि उनको दो एफएफपी चाहिए मामले की गंभीरता को देखते हुए मैंने तुरंत ब्लड कोऑर्डिनेटर पूर्णिमा अग्रवाल जी को फोन लगाया उन्होंने तुरंत श्रीजी लैब को फोन लगाकर ब्लड अरेंज कराने के लिए स्टाफ को बोला प्रभु की कृपा से समय पर प्लाज्मा उपलब्ध हो गया यह अपने आप में बहुत ही नेक कार्य जनशक्ति वेलफेयर सोसाइटी के द्वारा किया गया जनशक्ति वेलफेयर सोसाइटी सदेव समाज सेवा के कार्य तत्पर रहती है


## अज्ञात व्यक्ति का मिला एबी रोड हाईवे पर शव



**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**ग्वालियर।** रात्रि के करीब 10 बजे थाना घाटीगांव क्षेत्र में देवनारायण धाम मंदिर सिरसा के सामने एबी रोड हाईवे पर एक्सीडेंट से एक अज्ञात व्यक्ति की मृत्यु हो गई है जिसके पास एक ऑटो क्रमांक एमएच 03 सीएन 5546 महाराष्ट्र बॉम्बे पास जिसके पीछे एवं उर्दू मैं कुछ लिखा है मिली है अगर किसी व्यक्ति को इस मृतक के सम्बन्ध में कोई जानकारी हो तो कृपया इन मोब ठ्ठश 7987462457, 7587613135 पर या पुलिस कंट्रोल रूम के ठ्ठश पर सूचित करने का कष्ट करें।

## लॉरेंस बिश्नोई गैंग के शूटर ने दी ग्वालियर के सीमेंट कारोबारी के बेटे को जान से मारने की धमकी, फोन पर बोला 20 लाख की सुपारी मिली है



लॉरेंस बिश्नोई गैंग अब लोगों को जान से मारने की धमकियाँ देकर चर्चा में बना हुआ है, पिछले दिनों सुपर स्टार सलमान खान, शिवसेना सांसद संजय राउत सहित कई ब? लोगों को जान से मारने की धमकी दे चुके इस गैंग के शूटर ने अब ग्वालियर के एक सीमेंट कारोबारी के बेटे को जान से मारने की धमकी दी है, धमकी के बाद बेटे ने शहर छो? दिया है वहीं पूरा परिवार दहशत में है, कारोबारी ने पुलिस में घटना की शिकायत की है।ग्वालियर के एक सीमेंट कारोबारी के बेटे को अज्ञात नंबर से धमकी भरा कॉल किया गया है। कॉल करने वाले ने खुद को पंजाब के बिश्नोई गैंग का सदस्य बताया है और उसकी 20 लाख रुपए में हत्या करने की सुपारी लेकर दो दिन में हत्या करने की बात कही है। साथ ही कहा है कि बिश्नोई गैंग का तरीका है कि जिसकी सुपारी लेता है उसे पहले ही उसकी हत्या की सूचना देता हैं। धमकी से दहशत में आया कारोबारी का बेटा शहर छो?कर चला गया है। उधर परिजनों ने थाने पहुंचकर इस घटना की शिकायत की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।कंपू थाना क्षेत्र के नया बाजार मोहरकर की गली निवासी 64 वर्षीय सुभाष चन्द्र जैन सीमेंट कारोबारी हैं। वे मूल रूप से भिंड के बताशा बाजार के रहने वाले हैं।






स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478